हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, सोमवार, 11 अगस्त 2025

तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 28.0 डिग्री

योग को बढ़ावा देने के लिए सरकार हर संभव.... 10



विदेशी वस्तुओं के विरोध में निकाली बाइक रैली 10



## खबर संक्षेप

### अज्ञात कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज

**जुलाना।** जुलाना क्षेत्र के निडाना के पास बाइक चालक को टक्कर मारने के आरोप में पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। लुदाना गांव निवासी रणधीर ने शिकायत में बताया कि वीरवार को जींद की ओर जा रहा था। जब निडाना के पास पहुंचा तो अज्ञात कार चालक ने उसे टक्कर मार दी। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में अस्पताल में ले जाया गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### युवक ने पेड़ पर फंदा लगाकर खुदकुशी की

**कैथल।** कैथल के गांव टीक के रेलवे स्टेशन के निकट 30 वर्षीय युवक ने पेड़ पर फंदा लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। युवक गांव गुल्लरपुर जिला करनाल का बताया जा रहा है। अभी तक युवक की पहचान नहीं हो पाई है। दोपहर के समय जैसे ही लोगों ने युवक का शव पेड़ के साथ रस्सी से लटकत देखा तो इसकी सूचना डायल 112 पुलिस को दी। यह हादसा रेलवे स्टेशन के साथ होने के कारण डायल 112 टीम ने जीआरपी को सूचित किया।

### गांव शादीपुर से घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी

**जुलाना।** जुलाना क्षेत्र के शादीपुर गांव में घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी हो गई। इसकी शिकायत पुलिस को दी गई। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज का जांच शुरू कर दी है। शादीपुर गांव निवासी दिनेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि शुक्रवार को रात को वह अपनी बाइक को घर के बाहर खड़ी करके सोया था। जब वह उठा तो उसे उसकी बाइक चोरी मिली। काफी तलाश के बावजूद चोरों का कोई सुराग नही लगा। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### किशोरी को भगाने की आरोपी महिला गिरफ्तार

**कैथल।** थर्ड डिग्री टॉर्चर मामले में पीड़ित महिला ममता को एसआईटी ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया। महिला को अदालत में भी पेश किया जहां से अदालत ने उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। वहीं, अब ममता पक्ष की ओर से न्यायालय में उसकी बेल के लिए आवेदन किया जाएगा। ममता का यह मामला पंजाब एवं हरियाणा में उसके पति रोहताश की ओर से लगाई गई एक याचिका के माध्यम से पहुंचा था, लेकिन तीन बार की सुनवाई के बाद स्वयं रोहताश ने इस केस को छह अगस्त को यहां से वापस ले लिया था।

### पद्म पुरस्कारों के लिए 15 अगस्त तक करें आवेदन

**कैथल।** डीसी प्रीति ने बताया कि गणतंत्र दिवस 2026 के अवसर पर घोषित किए जाने वाले पद्म पुरस्कारों के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। नामांकन/सिफारिशें जमा करने की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 15 अगस्त, 2025 कर दी है। इन पुरस्कारों में पद्म विभूषण, पद्म भूषण व पद्मश्री पुरस्कार शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इन राष्ट्रीय पुरस्कारों के लिए नामांकन अथवा अनुशंसा केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर ऑनलाइन ही स्वीकार की जाएंगी।

### अलग-अलग स्थानों से नाबालिग सहित तीन लापता

**जींद।** अलग-अलग स्थानों से एक नाबालिग सहित तीन लोग गायब हो गए। संबंधित थाना पुलिस ने पीड़ित परिजनों की शिकायत पर मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। साहनपुर निवासी एक व्यक्ति ने शिकायत में बताया कि उसका 32 वर्षीय भाई नरेश कहीं चला गया। गांव हैबतपुर निवासी महिला ने शिकायत में बताया कि उसकी 16 वर्षीय बेटी गायब हो गई। आश्रम बस्ती निवासी ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया कि पानीपत निवासी बंटी उसकी बेटी को बहला फुसला कर ले गया है।

# अब आईटीआई में ऑन द स्पॉट दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन आज से

## राजकीय आईटीआई में करीब 40 प्रतिशत तथा प्राइवेट आईटीआई में करीब 80 प्रतिशत सीट खाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

आईटीआई में दाखिल लेने से वंचित रहे युवा व युवतियों के लिए कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग ने एक और मौका दिया है। अब दाखिला लेने के इच्छुक युवा व युवतियां आज से लेकर 22 अगस्त तक पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करते रिक्त सीटों के प्रति दाखिला ले सकेंगे। बता दें कि इससे पूर्व चार आनलाइन काउंसलिंग जारी की थी। इसके बावजूद राजकीय आईटीआई में करीब 40 प्रतिशत तथा प्राइवेट आईटीआई में करीब 80 प्रतिशत सीट खाली रह गई थी।



कैथल। प्रधानाचार्य सतीश मच्छाल कर्मचारियो की बैठक लेते। फोटो :हरिभूमि

ऐसे में अब निदेशालय ने 5वें राउंड की काउंसलिंग का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। शेड्यूल के अनुसार 11 अगस्त को संस्थान के सभी रिक्त सीटों की सूची जारी की जाएगी तो वही 11 अगस्त से लेकर 22 अगस्त तक दोबारा से ऑनलाइन फॉर्म भी प्राप्त किए जाएंगे। इसके साथ ही रैंक में मेरिट कार्ड अनुसार एंड आन द स्पाट दाखिले किए जाएंगे। विद्यार्थियों की फीस भी भरी जाएगी तथा सीट अलॉटमेंट की जाएगी। बता दें कि विभाग द्वारा 8 जुलाई जुलाई से दाखिला प्रक्रिया शुरू की थी। इसके तहत अलग-अलग चार काउंसलिंग जारी की गई थी। काउंसलिंग के दौरान सीट अलॉटमेंट होने के बावजूद भी करीब 60% विद्यार्थियों द्वारा ही दाखिला लिया गया है। ऐसे में करीब 40% सीट खाली रहने के कारण विभाग द्वारा अब ऑन द स्पॉट मेरिट दाखिले किए जाएंगे। आईटीआई के जानकारों का कहना है कि सरकारी व प्राइवेट आईटीआई की अधिकतर सीट ऑन द स्पॉट दाखिले पर ही भरी जाती है। अब तक हुए दाखिले में विद्यार्थियों को उनकी पसंद अनुरूप सीट न मिलने के कारण वे दाखिला नहीं ले रहे थे लेकिन अब उन्हें मैरिट अनुसार आन द स्पाट दाखिला दिया जाएगा जिस कारण सरकारी व प्राइवेट आईटीआई की सभी सीट भर जाएंगी। बता दें कि अब तक विद्यार्थी आनलाइन के चक्कर में उलझे हुए थे। अब नए शेडयूल अनुसार विद्यार्थी पोर्टल पर आवेदन करने के उपरांत वहां से मैरिट कार्ड डाउनलोड करते हुए उसे संबंधित आईटीआई में प्रातः 11:00 बजे तक जमा करवाएगा। आईटीआई में प्राप्त आवेदनों पर मैरिट सूची तैयार की जाएगी।

### दाखिला कमेटी का पुनर्गठन

जिला नोडल अधिकारी एवं राज्य के कैथल के प्रधानाचार्य सतीश मच्छाल ने बताया कि 11 अगस्त से दाखिले पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। 12 अगस्त से संस्थान में रिक्त सीटों के प्रति मैरिट अनुसार ऑन द स्पॉट दाखिले किए जाएंगे। इसके लिए दाखिला कमेटी पुनर्गठन कर दिया गया है तथा सभी आवश्यक तैयारियां भी पूरी कर ली गई हैं।

# सफीदों: एक साथ नौ दुकानों में दिया चोरी की वारदात को अंजाम

- वारदातों को लेकर दुकानदारों में रोष, पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सफीदों क्षेत्र में चोरों ने एक साथ दुकानों में चोरी की वारदातों को अंजाम दिया। चोरी की एकसाथ हुई वारदातों को लेकर दुकानदारों ने रोष जताया है और पुलिस गश्त बढाने की मांग की है। वार्ड नंबर 10 सीता श्याम कालोनी निवासी सुरेंद्र कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने गांव बुढाखेड़ा में नेशनल मेडिकल स्टोर के नाम से मेडिकल स्टोर खोला हुआ है। रात को चोरों ने दुकान के ताले तोड़ कर 1500 रुपये की नगदी, फेसवॉश, तेल, पाउडर, शैंपू और दवाइयों सहित लगभग 15 हजार का सामान चोरी कर लिया। वहीं रोहताश बार्बर का काम करता है। चोरों ने उसकी दुकान से कैंची, उस्तरे, व मशीन चोरी कर ली। इसके बाद बुढाखेड़ा अड्डे पर वजीर की जूते की दुकान से एक घड़ी, जूते, चप्पल और गल्ले से करीब 3500 रुपये चोरी कर लिए। पंकज के सीएससी सेंटर व डीजे की दुकान से पांच स्मार्ट वॉच, एक चार्जर का डिब्बा, एक ईयर फोन का डिब्बा, 2 कस्टमर के मोबाइल, नौ हजार की नगदी, सीसीटीवी कैमरे सहित लगभग 50 हजार सामान चोरी कर लिया। अंकुर की पेस्टीसाइड की दुकान का ताला तोड़ कर गल्ले से करीब छह हजार रुपये चोरी कर लिए। रमेश की दुकान का ताला टूटा हुआ मिला। विक्की और मोनू की दुकान के ताले तोडऩे की कोशिश की गई थी। पुलिस ने सुरेंद्र कुमार की शिकायत पर चोरी के मामलों की जांच शुरू कर दी है।

### साला बनकर लगाया सवा 10 लाख का चूना

**जींद।** साइबर थाना पुलिस ने एक युवक को अपना जीजा बना कर उस से दस लाख रुपये ठगने पर अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। गांव बागड़ू कलां निवासीबजरंग ने साइबर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी पत्नी की मौसी का लड़का लंदन गया हुआ है। गत सात जुलाई को उसकी पत्नी की मौसी के लड़के की फेसबुक आईडी से उसके पास मैसेज आया जिसमें कहा गया था कि उसका किसी के साथ झगड़ा हो गया है और वह व्यक्ति अस्पताल में दाखिल है। इसके लिए उसे 12 लाख रुपये चाहिए। उसने उसे दो ट्रांजेक्शन 26 लाख रुपये करने की भी स्लिप उसके पास भेजी। इनमें एक स्लिप नौ लाख 45 हजार रुपये की थी। जबकि दूसरी स्लिप 17 लाख रुपये की थी। जब बजरंग ने उसे कहा कि उसके पास इतने पैसे नहीं है तो उसने कहा कि किसी से ब्याज पर उठा कर एक बार डाल दे और दो-तीन दिन में यह 26 लाख रुपये उसके खाते में आ जाएंगे। इसके बाद वह इस पैसे में से बयाज और मूल पैसे काट कर जब वह इंडिया आएगा उसे दे देना। बजरंग ने बताया कि इसके बाद उसने सात अगस्त से लेकर 10 अगस्त तक कई ट्रांजेक्शन में 10 लाख 20 हजार रुपये उन्हें दे दिए। जब उसने और पैसे मांगे तो उसने अपनी पत्नी के मामा को फोन किया। जिस पर उसे पता चला कि उसका रिश्तेदार बिल्कुल ठीक है और उसे किसी प्रकार की कोई समस्या नही है।

## 75 कॉलेजियमों पर बनी सर्वसम्मति, 30 पर हुआ चुनाव

# जाट धर्मशाला के कॉलेजियम चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न

## कालेजियम का चुनाव जीतने वाले अब चुनेंगे कार्यकारिणी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

अर्बन एस्टेट स्थित जाट धर्मशाला के कॉलेजियम का चुनाव रविवार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। चुनाव को संपन्न करवाने के लिए रिटर्निंग अधिकारी रोहित को नियुक्त कियाथा। जबकि असिस्टेंट कुलदीप तथा बिंदू को ऑब्जर्वर लगाया गया था। जाट धर्मशाला में कुल 105 कॉलेजियम बनाए गए हैं। 75 कॉलेजियमें में सर्वसम्मति चुना लिया गया है। 30 कॉलेजियमों पर रविवार को चुनाव हुआ। चुनाव को देखते पुलिसबल तैनात किया था। शांतिपूर्ण मतदान संपन्न होने पर सभी ने राहत की सांस ली। मतदान के लिए सुबह ही मतदाता जाट धर्मशाला में पहुंचना शुरू हो गए थे। जो कालेजियम का चुनाव जीते हैं, इनमें से ही प्रधान पद सहित कार्यकारिणी चुनी जाएगी।

### ये रहे परिणाम

कालेजियम एक में रामफूल को चार मत मिले जबकि महाबीर चंद को पांच मत मिले। इसमें महाबीर चंद विजयी रही। कालेजियम चार में खजान सिंह को तीन तथा वीरेंद्र सिंह को छह मत मिले। इसमें वीरेंद्र सिंह विजयी रही। कालेजियम छह में नरेंद्र सिंह को तीन तथा महताब सिंह को चार मत मिले। महताब सिंह विजयी रही। कालेजियम आठ में हरबंस को एक, यादवेंद्र खर्ब को तीन मत मिले। इसमें यादवेंद्र खर्ब विजयी रहे। कालेजियम 12 में लक्ष्य को 11 तो सत्यकुमार को 0 मत मिले। इसमें लक्ष्य विजीय रहे। कालेजियम 13 में धर्मबीर सिवाच को पांच, जिले सिंह को चार मत मिले। इसमें धर्मबीर विजयी रहे। कालेजियम 15 में भाल सिंह को दो, रामफल को सात मत मिले। इसमें रामफल विजयी रहे। कालेजियम 18 में आजाद लाठर को आठ, होशियार सिंह को एक मत मिला। इसमें आजाद लाठर विजयी रहे। कालेजियम 20 में ईश्वर को सात, मनफूल को तीन मत मिले। इसमें ईश्वर विजयी रहे। इसी तरह कालेजियम 23 से यशपाल, कालेजियम 27 से बलराज, कालेजियम 28 से प्रदीप, कालेजियम 29 से उमेद सिंह, कालेजियम 35 से राजेंद्र सिंह, कालेजियम 37 से बलजीत, कालेजियम 44 से सुभाष, कालेजियम 45 से बलजीत, कालेजियम 46 से कंवर सिंह, कालेजियम 51 से सुमनलता, कालेजियम 54 से राजपाल, कालेजियम 55 से फूलकुमार, कालेजियम 56 से राजेश, कालेजियम 58 से ओमसिंह, कालेजियम 59 से ज्योति नांदल, कालेजियम 64 से बलबीर सिंह, कालेजियम 65 से जनाब सिंह, कालेजियम 72 से प्रवीण कुमार, कालेजियम 75 से बलजीत सिंह, कालेजियम 78 से सुरेंद्र, कालेजियम 98 से आजाद सिंह विजयी रहे।



जींद। कालेजियम चुनाव को लेकर मतदान करते हुए मतदाता।

### जल्द ही तारीख निर्धारित होगी

चुनाव अधिकारी रोहित ढांडा ने कहा कि फर्म एवं सोसाइटी के जिला रजिस्ट्रार द्वारा चुनाव के लिए जिम्मेदारी दी गई थी। इस जिम्मेदारी के चलते रविवार को 30 कॉलेजियम का चुनाव करवाया गया है। अब कॉलेजियम की नियुक्ति के बाद प्रधान पद का चुनाव करवाया जाएगा। इसको लेकर सर्वसम्मति भी बन सकती है। अगर सर्वसम्मति नहीं बनी तो प्रधान पद के चुनाव को लेकर जल्द ही तारीख निर्धारित की जाएगी।

### जाट धर्मार्थ सभा का पहली बार चुनाव

कॉलेजियम सदस्यों के आधार पर कार्यकारिणी का चुनाव भी धर्मशाला में पहली बार हुआ है। अभी तक जाट धर्मार्थ सभा का चुनाव नहीं हुआ था। हर बार सर्वसम्मति से ही कार्यकारिणी का चुनाव होता रहा है। वहीं पहली बार ही धर्मशाला में प्रशासक की नियुक्ति हुई है। अब प्रशासक की नियुक्ति के बाद पहली बार चुनाव हुआ है।

### 105 कॉलेजियम बनाए

जाट धर्मार्थ सभा के चुनाव के लिए चल रही रार को समाप्त करने के लिए 1149 मतों के 105 कॉलेजियम बनाए गए थे। प्रत्येक कॉलेजियम में 10 से 12 तक मत थे। इसमें से 75 कॉलेजियम में चुनाव के लिए आवेदन करने के दौरान सहमति बन गई थी। इसके बाद 30 कॉलेजियम पर सहमति नही बनी थी। इनका चुनाव करवाया गया।

# एएसआई समेत दो कर्मियों पर लगाए नाबालिग बेटे को शारीरिक तथा मानसिक यातनाएं देने के आरोप

- महिला ने मामले की शिकायत सीएम विंडों तथा बाल संरक्षण अधिकारी जींद को दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अलेवा

गांव बिघाना निवासी एक महिला ने अलेवा थाना के एक एएसआई समेत दो कर्मचारियों पर उसके नाबालिग बेटे को अनैतिक रूप से शारीरिक तथा मानसिक यातनाएं देने के आरोप लगाते हुए मामले की शिकायत सीएम विंडों तथा बाल संरक्षण अधिकारी जींद को दी है। गांव बिघाना निवासी महिला सुमन ने सीएम विंडो तथा बाल संरक्षण अधिकारी जींद को दी शिकायत में बताया कि मेरे नाबालिग लड़के साहिल, मंयक, उदित असंध के निजी स्कूल में पढते हैं। मेरे छोटे लड़के मंयक, उदित के साथ 31 जुलाई को दुड़ाना निवासी हर्गुन और चीमा ने मार पिटाई की थी। जिसका बाद में समझौता भी हो गया था लेकिन तीन अगस्त को इन युवकों ने उसके बेटे साहिल को फोन कर गांव के मोड़ पर बुलाने लगे लेकिन उसके द्वारा मना करने पर इन युवकों ने उसके छोटे बेटे को जान से मारने की धमकी दी। उनकी धमकी के चलते उनके बेटे साहिल के गांव मोड़ पर जाते ही इन युवकों ने 8 से 10 अन्य युवकों के साथ उसके बेटे की पिटाई शुरू कर दी। उसके बाद दुड़ाना निवासी हर्गुन और चीमा के परिवार के लोगों ने बेटे साहिल की शिकायत अलेवा थाना में दे दी लेकिन दोनों पक्षों को अलेवा थाना में बुलाने पर शिकायतकर्ता की तरफ से कोई पेश नही हुआ था। तब एएसआई मुकेश ने मुझे और मेरे नाबालिग बेटे को गंदी-गंदी गालियां देनी शुरू कर दी। उसके बाद चार अगस्त को दोबारा से अलेवा थाना में बुलाने पर वह तीनों लड़कों के साथ थाना में गए तो एएसआई मुकेश ने नाबालिग बेटे साहिल को अलग कमरे में बुला कर फोन आदि चैक कर घटनास्थल पर अन्य लोगों के बारे में पूछने लगा। जिस पर साहिल ने उससे सबकुछ बता दिया।

### भाजपा जिला उपाध्यक्ष की पत्नी से चैन स्नेचिंग

**जींद।** नरवाना में स्कूटी सवार दो युवकों ने भाजपा नेता की पत्नी के गले से सोने की चेन झपट ली और फरार हो गए। पुलिस ने अज्ञात युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं चेन झपटने की वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।
भाजपा के जिला उपाध्यक्ष नरवाना के मॉडल टाउन निवासी प्रमोद शर्मा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी पत्नी सुमन शाम को सैर के लिए निकली थी। सैर करने के बाद सुमन वापस घर की तरफ लौट रही थी। सुमन गली में घर के नजदीक पहुंची तो गले में झटका लगा। जब उसने पीछे मुड़ कर देखा तो युवक सोने की चेन लेकर भाग रहा था। वह उसके पीछे दौड़ी लेकिन आरोपित स्कूटी पर सवार होकर फरार हो गया। स्नेचिंग की घटना सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गई।

# पचास मकानों की सघन जांच की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

नशा मुक्त हो जिला अभियान के तहत रविवार को थाना गुहला क्षेत्र के गांव रामथली व दाबनखेड़ी में संदिग्ध नशा तस्करों पर विशेष कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान एस एच ओ गुहला इंस्पेक्टर सुनील कुमार, एस एच चीका पी एस आई अमन तथा पुलिस चौकी रामथली प्रभारी ए एस आई मनीष कुमार की अगुवाई में 7 पुलिस टीमों में शामिल करीब 70 पुलिस कर्मियों ने स्नाइपर डॉग व कमांडो दस्ते के साथ संयुक्त रूप से सघन सर्च ऑपरेशन चलाया। इस कार्रवाई में लगभग 50 घरों की गहन तलाशी ली गई और संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखी गई। आमजन से सीधा संपर्क स्थापित कर संदिग्ध नशा तस्करों की पहचान सुनिश्चित की गई है।



### सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करना उद्देश्य: एसपी

एसपी आस्था मोदी ने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करना व अपराधियों में भय उत्पन्न करना है। उन्होंने कहा कि इस अभियान में मुख्य रूप से नशे का कारोबार करने वालों पर शिकंजा कसना है, जिला पुलिस का उद्देश्य कैथल जिला को नशा मुक्त बनाना है। नशा तस्करी जैसे जघन्य अपराध में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि जिले को नशा मुक्त बनाने के लिए पुलिस हर संभव सख्त कदम उठाएगी, चाहे इसके लिए कितनी भी बड़ी कार्रवाई क्यों न करनी पड़े। एसपी ने आमजन से भी अपील की कि नशा तस्करों के खिलाफ पुलिस को समय पर सूचना देकर सहयोग करें, ताकि समाज को इस बुराई से पूर्णतः मुक्त किया जा सके।

## सुविधा | नागरिक अस्पताल में इमरजेंसी के गेट पर बने शैड की बढ़ाई लंबाई

# नागरिक अस्पताल में मरीज को इमरजेंसी में ले जाने के लिए अब शैड के नीचे खड़ी हो सकेगी एंबुलेंस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में मरीजों की सुविधा के लिए अस्पताल प्रशासन ने इमरजेंसी के गेट पर बने शैड की लंबाई को बढाया है। अब तक अस्पताल के निर्माण के समय से लेकर आज तक इमरजेंसी के गेट के सामने प्रांगण में ही गंभीर मरीजों को एंबुलेंस से उतारा जा रहा था। जहां से स्ट्रेचर पर मरीजों को इमरजेंसी तक ले जाया जा रहा था। अब नागरिक अस्पताल प्रशासन ने लंबे अर्से बाद इसकी इसकी संभाल की है। अब इमरजेंसी के मुख्य द्वार पर शैड लगाकर इसकी लंबाई भी बढ़ाई है ताकि बरसात व धूप से एंबुलेंस में आने वाले मरीजों को बचाया जा सके।

इसके अलावा यहां पर कार वा बाइक को खड़ी करने से रोकने के लिए गेट से लगभग 30 फीट की दूरी तक जाल भी लगाया है। अब यहां से आसानी से एंबुलेंस मरीजों को उतार कर वापस जा सकेगी। अब से पहले अस्पताल प्रशासन की लापरवाही के चलते इमरजेंसी के इस मुख्य गेट पर स्ट्रेचर तो इसके साथ ही अस्पताल कर्मियों की बाइक व स्कूटी और इससे आगे मरीजों की गाड़ी खड़ी रहती थी। यहां से एंबुलेंस का निकलना तो दूर की बात खड़े करने की भी जगह नहीं बचती थी। इसके चलते कई बार गंभीर मरीजों को लाने व ले जाने में काफी समय बर्बाद हो जाता था। इससे मरीज के हालात बिगडऩे का डर रहता था। अब अस्पताल प्रशासन ने इसको दुरूस्त कर दिया है। इसके अतिरिक्त स्ट्रेचर रखने के लिए भी स्थान को निर्धारित किया है ताकि एंबुलेंस के रास्ते में यह बाधा नहीं बन सके। नागरिक अस्पताल का यह सुधार डीजी हेल्थ के एक दौरे के कारण हुआ है। इसके अलावा भी अस्पताल में कई सुधार करवाए गए हैं।

### शैड के नीचे खड़ा करने की व्यवस्था कर दी

नागरिक अस्पताल की सीएमओ डा. सुमन कोहली ने बताया कि अब मरीजों की सुविधा के लिए एंबुलेंस सीधे शैड के नीचे खड़ा करने की व्यवस्था कर दी गई। अस्पताल के पुराने भवन में चल रही इमरजेंसी में मरीजों को एंबुलेंस से सीधा गेट तक लाने के लिए व्यवस्था बनाई है। इससे पहले यहां पर स्ट्रेचर बाइक व स्कूटी खड़ी रहती थी। इनके कारण एंबुलेंस को शैड के नीचे नहीं बल्कि सामने खुले में खड़ा किया जाता था।

# प्लाट का फुल पेमेंट एग्रीमेंट करवा दूसरे के नाम करवाई रजिस्ट्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

शहर थाना नवाना पुलिस ने प्लाट का फुल पेमेंट एग्रीमेंट करवा रजिस्टरी दूसरे के नाम करवाने पर एक महिला सहित तीन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। मॉडल टाउन नरवाना निवासी सुनील कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने भगत सिंह कालोनी निवासी रोशनी देवी से 25 फरवरी 1999 को 152 गज का प्लाट हरिनगर नरवाना में खरीदा था जिसका फुल पेमेंट का इकरारनामा व बयनामा तहसील नरवाना में बनवा लिया था। अब वो इसकी रजिस्ट्री करवा रहा था। तीन जुलाई को पता चला की रोशनी देवी ने इस प्लाट की रजिस्ट्री रविंद्र मोर के नाम करवा दी है। जिसमें दीपक व बलबीर को साक्षी बनाया गया है। इन लोगों ने धोखाधड़ी से मेरे प्लाट की रजिस्ट्री किसी ओर के नाम करवाई है। सुनील का कहना है की रोशनी देवी का पति उनके यहां नौकरी करता था और लाखों रुपये का लेनदेन उसके माध्यम से होता था और उन्हें उन पर पूरा विश्वास था लेकिन इस प्लाट में हुई धोखाधड़ी ने उनका पूरा विश्वास ही खत्म कर दिया है। प्लाट की ताजा रजिस्ट्री में दीपक और बलवीर सिंह को गवाह बनाया गया है।

## खबर संक्षेप

### संदिग्धों की जानकारी पुलिस को मुहैया करवाएं

जींद। पुलिस अधीक्षक कुलदिप सिंह ने बताया कि हर वर्ष 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के रुप में पूरे भारत में बड़े ही हर्षोउल्लास के साथ मनाया जाता है। इस वर्ष भी बडे हर्षोउल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर विदेशी ताकतों व संदिग्ध व्यक्तियों द्वारा भारत की सम्प्रभूता, अंखडता को प्रभावित करने की कोशिश की जा सकती है।

### दस लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद, केस दर्ज

अलेवा। अलेवा पुलिस द्वारा सूचना के आधार पर हसनपुर गांव निवासी एक व्यक्ति के घर छापेमारी कर दस लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की है। पुलिस के अनुसर किसी ने सूचना दी कि हसनपुर निवासी शमशेर अवैध कच्ची शराब बेचने का कार्य करता है। पुलिस द्वारा एएसआइ अनिल की अगुवाई में टीम द्वारा छापेमारी कर उक्त व्यक्ति को दस लीटर अवैध कच्ची शराब समेत व्यक्ति काबू किया है।

### सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार के लिए 15 तक करें आवेदन

जींद। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि गणतंत्र दिवस 2026 के अवसर पर घोषित किए जाने वाले पद्म पुरस्कारों नामतःपद्म विभूषण, पद्म भूषण व पद्मश्री के लिए गृह मंत्रालय की ओर से ऑनलाइन नामांकन करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जिसके लिए अंतिम तिथि 15 अगस्त है।

### ऑनलाइन राष्ट्रीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

जींद। संस्कृत भाषा की गौरवशाली परंपरा और भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर को समर्पित विश्व संस्कृत दिवस के अवसर पर हिंदू कन्या कालेज के संस्कृत विभाग द्वारा प्राचार्या डा. पूनम मोर की अध्यक्षता में दो दिवसीय ऑनलाइन राष्ट्रीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। देशभर के प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। डा. नीलम रानी ने कहा कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य संस्कृत भाषा के प्रचार व प्रसार एवं जनजागरण को बढ़ावा देना है।

### जींदः खेलो इंडिया वाटर स्पोर्ट्स फेस्टिवल 19 से

जींद। खेलो इंडिया वाटर स्पोर्ट्स फेस्टिवल श्रीनगर के डल झील में 19 से 23 अगस्त को होनी है। इसमें पार्टिसिपेशन नेशनल गेम्स के रूल के हिसाब से जो सीनियर नेशनल चैंपियनशिप में पहली आठ टीम हैं वो ही भाग ले सकती हैं। खेलो इंडिया वाटर स्पोर्ट्स गेम्स में पांच इवेंट लड़कों व पांच लड़कियों खेलने हैं। इसमें हरियाणा टीम के तीन इवेंट लड़कों व चार इवेंट लडक़ों के क्वालिफाई हैं।

### देवेंद्र के रूप में उचाना को मिला नायाब हीरा

उचाना। भाजपा कसूहन मंडल संयोजक संदीप चहल बड़ौदा ने कहा कि भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री के रूप में उचाना हलके को नायाब हीरा मिला है। इस बार 32 वोटों से बड़े नामों को हराने का काम किया। 2029 में 32 हजार मतों से जीत दर्ज देवेंद्र चतरभुज अत्री करेंगे। जो लोग उचाना हलके में 50 साल से कभी बांगर में राज लाने के नाम पर वोट मांगते रहे तो कभी सीएम बनने के नाम पर लोगों को गुमराह कर वोट मांगते रहे।

### ग्राम दर्शन पोर्टल से सरकार को बताएं अपने मन की बात

जींद। ग्रामीण अंचल के निवासी अब सरकार को विकास कार्यो संबंधी मांग, शिकायत और सुझाव सीधे ऑनलाइन माध्यम से दे सकेंगे। हरियाणा सरकार द्वारा इसके लिए ऑनलाइन ग्राम दर्शन डॉट हरियाणा डॉट जीओवी डॉट इन पोर्टल शुरू किया गया है। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि ग्राम दर्शन पोर्टल सरकार की एक व्यापक, सहभागी, पारदर्शी और जवाबदेह पहल है।

### आर्थिक सहायता लेने की प्रक्रिया हुई सरल

जींद। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि सरकार द्वारा आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के दृष्टिगत मुख्यमंत्री राहत कोष के तहत चिकित्सा आधार पर वित्तीय सहायता प्राप्त करने वालों को सरल पोर्टल पर सुविधा प्रदान की जा रही है।

## डीएवी स्कूल में जिलास्तरीय योगासन खेल प्रतियोगिता शुरू

# योग को बढ़ावा देने के लिए सरकार हर संभव कदम उठाएगीः चिल्लाना

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयास से योग संसार भर में लोकप्रिय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद






डीएवी स्कूल में जिलास्तरीय योगासन खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता के शुभारंभ पर हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर के प्रतिनिधि राजन चिल्लाना ने किया। उन्होंने कहा कि योग को बढ़ावा देने के लिए हरियाणा सरकार हर संभव कदम उठाएगी तथा उन कदमों को मजबूत करने का काम जींद के विधायक व हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण लाल मिड्ढा करेंगे। इस प्रतियोगिता का आयोजन जिला योगासन खेल संगठन के तत्वापधान में किया गया। संगठन के अध्यक्ष डा. धर्मदेव विद्यार्थी ने बताया कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और स्वामी रामदेव के प्रयास से योग संसार भर में लोकप्रिय है। भारत सरकार ने योग को खेल का दर्जा दिया गया है। जिसमें हरियाणा सरकार ने हरियाणा योग आयोग की स्थापना कर योग को स्कूली पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया है। योग को खेल के रूप में बढ़ावा देने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेल योगासन का गठन किया गया है। जिसके अध्यक्ष स्वामी रामदेव हैं तथा राष्ट्रीय स्तर पर इसके महामंत्री डा. जयदीप आर्य हैं। हरियाणा खेल योगासन संगठन के अध्यक्ष हरियाणा योग आयोग के चेयरमैन डा. जयदीप आर्य हैं तथा चेयरमैन डा. धर्मदेव विद्यार्थी की देखरेख में जिला तथा राज्य स्तर पर प्रतियोगिताएं करवाई जा रही हैं। इस संगठन को हरियाणा ओलंपिक से मान्यता मिल गई है। बताया कि जींद के दो छात्रों ने योग में राष्ट्रीय स्तर तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगिताओं में भाग लेकर लगभग 50 लाख रुपये के पुरस्कार जीते हैं जो जींद के सभी योग प्रेमियों के लिए गर्व का विषय है। मौके पर राजन चिल्लाना को शाल पहना कर तथा श्रीराम की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया गया। अध्यक्षता डीएवी स्कूल की प्राचार्य रश्मि विद्यार्थी ने की। रामनारायण आर्य, राजसिंह राठी, श्रेयांश चौधरी, यशोदा, मंजू, अशोक सैनी, राज सिंह सैनी, सूर्य देव आर्य सहित काफी संख्या में योग प्रेमी उपस्थित थे।

# युवाओं को रोजगार के लिए नही जाना पड़ेगा बाहर

- पांच जगह आईएमटी की घोषणा से सीएम ने जीता प्रदेशवासियों का दिल : दलजीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

देव हिंदू मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष दलजीत सिंह मलिक ने कहा कि भाजपा सरकार ने देश के पांच जिलों में आईएमटी बनाने की घोषणा कर युवाओं के रोजगार के सपने को पूरा करने का काम किया है। आईएमटी की घोषणा से सीएम नायब सिंह सैनी ने प्रदेशवासियों को बहुत बड़ी सौगात दी है। प्रदेश में आईएमटी के लिए सबसे पहले उन्होंने ही मांग उठाई थी। हलके में कोई बड़ी इंडस्ट्री नही है, जहां बड़ी संख्या में युवाओं को रोजगार मिल सके। अब आईएमटी के बनने से जो युवा रोजगार के लिए दूसरे प्रदेशों में जाते हैं, उन्हें अपने घर के नजदीक ही काम मिल सकेगा। देव हिंदू मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष दलजीत सिंह मलिक ने कहा कि सोनीपत के खरखौदा में 8500 एकड़ से अधिक में सबसे बड़ी आईएमटी सरकार द्वारा बनाई जाएगी। इसी तरह खरखौदा के बाद जींद में सबसे बड़ी आईएमटी स्थापित करने की घोषणा की गई है। 12 हजार एकड़ जमीन में यह आईएमटी बननी है। आईएमटी की घोषणा के बाद युवा वर्ग में विशेष खुशी नजर आ रही है। रोजगार के क्षेत्र में मील का पत्थर आईएमटी साबित होगी। मलिक ने कहा कि 152डी एवं जम्मू-कटरा एक्सप्रेस के पास ये आईएमटी बनेगी। वहीं किसानों को भी आईएमटी बनने का फायदा होगा। क्योंकि उन्हें जमीन के भाव उनकी मर्जी से बाजार भाव मिलेंगे।

#### जीडीपी में बढ़ावा होगा



दलजीत मलिक ने कहा कि हरियाणा प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी सरकार लगातार जनहित में घोषणाएं कर रही है। चाहे सरकारी नौकरियों के लिए परीक्षाएं हों या फिर प्राइवेट सेक्टर में रोजगार। अब आईएमटी बनने से आने वाले समय में दिल्ली, गुड़गांव जैसी कंपनियां जिले में होंगी तो दूरदराज जाने वाले युवाओं को अपने घरों के नजदीक रोजगार मिलेगा। व्यापार के नए आयाम स्थापित होंगे व हजारों दुकानदार भी यहां व्यापार करेंगे। हरियाणा में पांच जगह बनने वाली आईएमटी से हरियाणा जीडीपी में भी बढ़ावा मिलेगा।



नरवाना। शोक व्यक्त करते सांसद शैलजा। फोटो :हरिभूमि

### बलवीर सिंह के निधन पर जताया शोक

नरवाना। सर्वजातीय बिनैन खाप के प्रधान रघुवीर नैन के बड़े भाई बलवीर सिंह नैन के निधन पर पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद कुमारी सैलजा ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि बलवीर सिंह नैन सरलए मिलनसार एवं समाजसेवा में सदैव अग्रणी रहे। उनके निधन से क्षेत्र और समाज को अपूरणीय क्षति हुई है। सैलजा ने शोक संतप्त परिवार से मिलकर सांत्वना दी और ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति एवं परिवार को यह दुख सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की। इस मौके पर जगाधरी उप मंडल अधिकारीए जगाधरी विश्वनाथ कालवन तपा प्रधान फ़क़ीर चंद कंडेला खाप प्रधान टेकराम कंडेला व अनेको राजनितिक दल के लोगों ने पहुँच शोक व्यक्त किया।

### पुलिस ने महिला का खोया पर्स लौटाया

जींद। रक्षाबंधन पर्व पर ड्यूटी के दौरान उप निरीक्षक सत्यवान ने ईमानदारी का परिचय देता महिला को उसका खोया हुआ पर्स लौटाया है। पर्स में आवश्यक कागजात और 5500 रुपये नगदी राशि मौजूद थी। रक्षाबंधन के अवसर पर पुलिसबल आमजन की सुरक्षा और सुविधा के लिए शहर के प्रमुख स्थानों पर मुस्तैद था। इसी दौरान बस स्टैंड पर एक महिला जो जींद से रोहतक जाने के लिए आई थी का पर्स जींद में बस अड्डा गिर गया। ड्यूटी के दौरान पर्स मिलने पर उप निरीक्षक सत्यवान ने बिना समय गंवाए संबंधित महिला की पहचान व सत्यापन की प्रक्रिया शुरू की। जांच पड़ताल, औपचारिकताओं के बाद पर्स उसकी असली मालकिन को सुरक्षित रूप से लौटा दिया गया। इस नेक कार्य से महिला के चेहरे पर खुशी और राहत झलक उठी। पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने उप निरीक्षक सत्यवान के इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा की।

### सीआरएस की रहेगी तिरंगा यात्रा में सहभागिता

जींद। चौधरी रणबीर सिंह विवि की छात्रा, नेहा, याशिका, ज्योति, आशु, एना और कोमल आज राष्ट्रभक्ति और जोश के साथ रोहतक से कश्मीर तक तिरंगा यात्रा में भाग लेने के लिए विवि परिसर से रवाना की गईं। कुलगुरु प्रो. आरपी सैनी ने कहा कि तिरंगा हमारी पहचान, सम्मान और स्वतंत्रता का प्रतीक है। रोहतक से कश्मीर तक की यह यात्रा देशवासियों में भाईचारे और एकता की भावना को और प्रबल करेगी। हमारी छात्राओं का इसमें भाग लेना विश्वविद्यालय के लिए गौरव की बात है। कुलसचिव प्रो. लवलीन मोहन ने कहा कि यह यात्रा केवल भौगोलिक दूरी तय करने का प्रयास नही बल्कि दिलों को जोडने और तिरंगे के सम्मान का संदेश जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प है। हमारी बेटियां इस संदेश को दूर-दूर तक फैलाएंगी। एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक डा. नवीन लडवाल ने यह बताया कि इन छात्राओं ने 10 अगस्त को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक पहुंचकर शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा के मार्गदर्शन में आरंभ हुई रोहतक से कश्मीर तक तिरंगा यात्रा में हिस्सा लिया और यात्रा का शुभारंभ किया।



जींद। तिरंगा यात्रा में भाग लेने के लिए रवाना होते विद्यार्थी।



नरवाना। हॉकी कोच को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### सेवानिवृत्त हॉकी कोच शिवकुमार को किया सम्मानित

नरवाना। रविवार को सैनी समाज हलका नरवाना के प्रधान सूरजभान सैनी की अध्यक्षता में समाज के प्रांगण में आयोजित एक कार्यक्रम में राजस्थान के अलवर से सेवानिवृत्त हुए वरिष्ठ हॉकी कोच शिवकुमार सैनी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान हलका प्रधान सूरजभान सैनी ने उन्हें फूल माला पहनाकर और महाराजा शुर सैनी की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि शिवकुमार सैनी ने खेल जगत में जो योगदान दिया हैए वह न केवल सैनी समाज बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। शिवकुमार सैनी ने अपने कोचिंग करियर की शुरुआत वर्ष 1994 में गुजरात के बालासर से की थी। इसके बाद उन्होंने भारत के विभिन्न राज्यों में साढ़े 31 वर्षों तक हॉकी कोच के पद पर सेवाएं दीं। अपने लंबे कार्यकाल के दौरान उन्होंने हजारों खिलाडियों को हॉकी की बारीकियां सिखाईं। उनके मार्गदर्शन में तैयार हुए कई खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलकर देश का नाम रोशन कर चुके हैं।

### भागवत कथा सुनना सौभाग्य की बातः अत्री

उचाना। उचाना शहर के कान्हा सेवा सदन में श्रीमद भागवत सप्ताह कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। रविवार को कथा के शुभारंभ पर कलश शोभा यात्रा निकाली गई। मुख्य अतिथि के तौर पर भाजपा नेत्री सुषमा अत्री पहुंची तो मुख्य यजमान के तौर पर सुरेंद्र गर्गए सरोज गर्ग शामिल हुए। कान्हा सेवा सदन से शुरू होकर कलश यात्रा लितानी रोड, रेलवे रोड, पुरानी अनाज मंडी से होते हुए कान्हा सेवा सदन में आकर सम्पन्न हुई। हर रोज दोपहर तीन बजे से लेकर छह बजे तक कथा चलेगी। कथा वाचक अरविंद शास्त्री महाराज चित्रकूट धाम से पहुंचे है। 500 से अधिक महिलाएं कलश यात्रा में पहुंची। भक्तिमय गीतों से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। सुषमा अत्री ने कहा कि श्रीमद भागवत कथा में आनाए कथा को सुनना सौभाग्य की बात होती है। हर किसी को चाहिए कि वो भागवत कथा को सुने। इस तरह के धार्मिक आयोजन समय-समय पर होते रहने चाहिए। धार्मिक आयोजन से धार्मिक भावना मन में आती है। जहां धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होते हैं, उस क्षेत्र के लिए सौभाग्य की बात होती है



भागवत कथा में कलश यात्रा में महिलाओं के साथ शामिल भाजपा नेत्री सुषमा अत्री।



जींद। पार्क में स्वच्छता अभियान चलाए सेव संस्था सदस्य।

### स्वच्छता का सहयोग करें : सेव

जींद। सामाजिक संस्था सोसाइटी फोर एडवांसमेंट ऑफ विलेज एंड अर्बन इंवायरमेंट सेव ने रविवार सुबह महात्मा गांधी पार्क में श्रमदान किया। संस्था के प्रधान नरेंद्र नाडा की अध्यक्षता में चलाया गया यह 433वां अभियान था। सेव संस्था के सदस्यों ने पार्क में साफ -सफाई करके स्वच्छता अभियान चलाया। पार्क में पड़े हुए पॉलिथीन व अन्य कूड़ा को उठा यह संदेश देने का प्रयास किया कि लोगों को पर्यावरण शुद्ध रखने में अपना सहयोग देना चाहिए। आजकल बारिश का मौसम चला हुआ है और इसमें बीमारियां बहुत ज्यादा फैलती हैं। इसलिए सभी को स्वच्छता और पर्यावरण शुद्ध रखने में अपना सहयोग देना चाहिए। पर्यावरण हमारे जीवन का अमूल्य हिस्सा है। स्वच्छता पर्यावरण का मुख्य हिस्सा है। सभी को कूड़ा डस्टबीन में डालने की आदत अपनानी चाहिए और वो डस्टबीन नगर परिषद की गाड़ी को देना चाहिए। जिससे हमारा पर्यावरण भी शुद्ध रहेगा। मौके पर बलबीर सिंह श्योकंद, कृष्ण भारद्वाज, बलजीत रेढू, सुजान सिंह पूनिया, डा. राजेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।



### संस्था सदस्यों ने किया पौधरोपण

जींद। श्रावण मास की पूर्णिमा को मनाए जाने वाले त्योहार को हिंदी साहित्य प्रेरक संस्था जींद के बैनर तले कलाम बाल आश्रम में हर्षोल्लास सहित विशेष ढंग के साथ मनाया गया। संस्था के महासचिव बलराज स्नेही ने बताया कि संस्था की अध्यक्षा शकुन्तला काजल शकुन ने आश्रम में स्थित बच्चियों में हमारी संस्कृति के साथ-साथ प्रकृति को सहेजने का भी जज्बा जगाया। पीपल का पौधारोपण कर बच्चे बेहद हर्षित हुए। तत्पश्चात एक-एक करके उन सभी बाइस लड़कियों ने जब भाई स्वरूप उस नन्हे पौधे को राखी बांधी तब भावप्रवणतावश मौके पर मौजूद सदस्यों की आंखों से खुशी और गम की मिश्रित धारा फूट पड़ी। संस्था के सम्मानित सदस्य वरिष्ठ साहित्यकार ओमप्रकाश चौहान ने संदेशपरक विचार रखे। इसी कड़ी में कवयित्री मंजू मानव, कवि दिनेश शर्मा, दीपिका बिंदल, मास्टर चौहान सहित आश्रम के स्टाफ सदस्य भी मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री मोदी के 11 साल के कार्यकाल में भ्रष्टाचार आतंकवाद और नक्सलवाद में आई गिरावट : कंडेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



हरियाणा सहकारी श्रम व निर्माण प्रसंग के पूर्व अध्यक्ष व भारतीय किसान मजदूर यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष टेकराम कंडेला ने कहा कि प्रधानमंत्री के 11 वर्ष के कार्यकाल में भ्रष्टाचार व आतंकवाद नक्सलवाद के मामलों में पूरी तरह से गिरावट आई है। प्रधानमंत्री के राज में इन मामलों में पूरी तरह से नकेल कसी गई है। भारत देश उनके कार्यकाल में आगे बढ़ रहा है। कंडेला ने कहा कि प्रधानमंत्री ने किसानों के हित में जिस तरह से जो बयान दिया गया है, उनके हाथों में किस पूरी तरह सुरक्षित हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से किसानों में खुशी की लहर दौड़ रही है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना किसानों को अनेक प्रकार की सुविधा देकर उनकी आय को दुगना करने का काम कर रहे हैं। कांग्रेस के नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि चुनाव आयोग पर झूठे आरोप जनता को गुमराह करने पर लगे हुए हैं। सभी लोग इस मामले में जागरूक हैं। राहुल गांधी झूठे बयानबाजी करके अपनी पार्टी के टूटने से बचने का प्रयास कर रहे हैं। लोकसभा में जो इंडिया गठबंधन बना था, वह अब पूरी तरह बिखर चुका है। जनता ने इसको पूरी तरह से नकार दिया है। कंडेला ने कहा कि आने वाले बिहार के चुनाव में एनडीए की सरकार भारी बहुमत से बनेगी। हरियाणा प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी किसान, मजदूर व गरीब आदमी के हितों में 24 घंटे लोगों के बीच में रह कर हर समस्या का समाधान कर रहे हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री की बढ़ती लोकप्रियता से हरियाणा के विपक्षी दलों के नेताओं की नींद उड़ गई है। मुख्यमंत्री की कार्यशैली से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी खुश हैं।



जींद। रक्तदाताओं की हौंसलाअफजाही करते रूद्राक्ष मिड्ढा। फोटो :हरिभूमि

### रक्तदान से बडा कोई दान नही : मिड्ढा

जींद। बैरागी धर्मशाला में रविवार को स्वतंत्रता दिवस को लेकर बैरागी सभा के प्रदेशाध्यक्ष शिव पवार बैरागी के आह्वान पर रक्तदान शिवर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि भाजपा युवा नेता रूद्राक्ष मिड्ढा, नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला, जिलाध्यक्ष जय भगवान बैरागी रहे। रुद्राक्ष मिड्ढा ने कहा कि बैरागी समाज सदा से ही मानवता की भलाई के कार्य करता रहा है। बंदा वीर बैरागी के आशीर्वाद से उनके द्वारा मानवता की भलाई के लिए लगाए गए रक्तदान शिवर समाज के लिए कारगर होते हें। डिप्टी सीएमओ डा. राजेश भोला ने कहा कि रक्त का कोई अन्य विकल्प नही है और केवल मानव द्वारा ही एक दूसरे को दान किया जा सकता है। इससे बड़ा अन्य कोई दान नही है और रक्तदान करने से शरीर में किसी प्रकार की कोई कमजोरी भी नही होती है। अतः समय-समय पर समाज की भलाई के लिए रक्तदान करते रहना चाहिए।

## देश को विकसित व समृद्ध बनाने के लिए स्वदेशी वस्तुएं अपनाएं

# विदेशी वस्तुओं के विरोध में निकाली बाइक रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार की शपथ लेते हुए।

गोपाल विद्या मंदिर में स्वदेशी जागरण मंच द्वारा संगोष्ठी एवं का आयोजन किया गया और स्वदेशी वस्तुओं के लिए शपथ दिलाई गई। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के तौर पर प्रांत संगठक कुलदीप पूनिया रहे। कुलदीप पूनिया ने कहा कि स्वदेशी जागरण मंच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्वदेशी के आह्वान का स्वागत करता है। जहां प्रधानमंत्री ने कहा है कि स्वदेशी उत्पादों की खरीद और बिक्री भी राष्ट्र की सच्ची सेवा है। साल 1991 से ही स्वदेशी जागरण मंच स्वदेशी अपनाने के लिए जनता में जागरूकता पैदा करने का काम कर रहा है। मंच का दृढ़ विश्वास है कि हमारा राष्ट्र स्वदेशी और आत्मनिर्भरता के आधार पर ही समृद्ध हो सकता है।

स्वदेशी जागरण मंच का मानना है कि मूल्यवान विदेशी मुद्रा बचाने के और भी कई उपाय हो सकते हैं। सामान्य रूप से विदेशी वस्तुओं का न्यूनतम उपयोग और चीन तुर्की व अन्य विरोधी देश की वस्तुओं और सेवाओं का बहिष्कार करना कुछ अपवादों को छोड़ विदेशी विश्वविद्यालय में अध्ययन का बहुत त्यागना स्थानीय उत्पादों का उपयोग और कार्यक्रम को बढ़ावा देना ने केवल मूल्यवान विदेशी मुद्रा बचाने में सहायक हो सकता है बल्कि विकास के विकेंद्रीकृत मॉडल के आधार पर स्थानीय स्तर पर रोजगार आजीविका और लोगों के कल्याण को भी बढ़ावा दे सकता है। स्वदेशी जागरण मंच द्वारा बड़ी संख्या में व्यापारियों और वे निर्माण कंपनियों के संघ और सामाजिक संगठनों के साथ मिल कर 12 जून को स्वदेशी सुरक्षा एवं स्वावलंबन अभियान की शुरुआत के साथ स्वदेशी आंदोलन को फिर से गति दी गई है। जिसका उद्देश्य देश के कोने-कोने में भारत को पुण्य महान बनाने के लिए जागरूकता पैदा करना है। इसके बाद सभी कार्यकर्ताओं को शपथ दिलाई गई कि सभी स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करेंगे।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर मुख्य रूप से विभाग सह संयोजक डा. राजेंद्र गुप्ता, जिला संयोजक संदीप गर्ग, प्रांत युवा प्रमुख अजय राणा, जिला विचार प्रमुख जसवीर, जिला संपर्क प्रमुख वीरेंद्र पिंडारा, डा. नवीन शर्मा, विभाग युवा प्रमुख सोनू, अनिल डूमरखां, जिला प्रशिक्षक अनिल कुमार, हरिनारायण तंवर, कंडेला खंड सहप्रमुख ललिता, कौशल्या सुशील, रोहन सैनी, प्रतीक, वीर सेन आदि मौजूद रहे।



उचाना। राज्यपाल रहे स्व. सत्यपाल मलिक को श्रद्धाजंलि अर्पित करते हुए।

### पूर्व राज्यपाल मलिक को दी श्रद्धाजंलि

उचाना। पूर्व राज्यपाल स्व. सत्यपाल मलिक को श्रद्धाजंलि अर्पित करने के लिए खटकड़ टोल के पास श्रद्धाजंलि सभा का आयोजन किया गया। क्षेत्र भर से लोग श्रद्धाजंलि सभा में पहुंचे। किसान संगठनों के प्रतिनिधिए खापों के प्रतिनिधि एवं प्रधान भी पहुंचे। वक्ताओं ने कहा कि स्व. सत्यपाल मलिक ने हमेशा हर किसी की आवाज को उठाने का काम किया। वो कई राज्यों के राज्यपाल रहे तो आमजन के साथ उनका जुड़ाव रहा। अपने जीवन में उनकी छवि ईमानदार, बेदाग छवि के इंसान की रही। जम्मू-कश्मीर में जब वो राज्यपाल थे तो वहां पर धारा 370 हटाने का काम किया। हमेशा मजदूर, किसान, कमेरे वर्ग की आवाज को बुलंद करने का काम किया। जब उनका निधन हुआ तो उनके पास चार जोड़ी कपड़े ही थे। एक कमरे का मकान उनके पास था। वक्ताओं ने कहा कि अपने जीवन में कभी रुपये कमाने को अहमियत नहीं दी। अपने जीवन काल के दौरान सत्यपाल मलिक कहते थे कि राजनीति रुपए कमाने का जरिया नहीं है बल्कि ये समाज सेवा करने का माध्यम है।

## खबर संक्षेप

### उदिति के नेत्रदान ने दो जीवन रोशन किए

**कैथल।** कैथल में 14 वर्षीय उदिति सुपुत्री प्रदीप गुप्ता, का दुखद निधन हो गया। इस गहरे दुख की घड़ी में, परिवार ने एक असाधारण और प्रेरणादायक निर्णय लेते हुए उदिति की आंखें दान की, जिससे दो ज़रूरतमंद लोगों को नई दृष्टि मिलेगी।



### नारकोटिक्स हेल्पलाइन मानस-1933 का शुभारंभ

**कैथल।** डीसी प्रीति ने बताया कि केंद्र सरकार ने नशे के खिलाफ राष्ट्रीय नारकोटिक्स हेल्पलाइन मानस-1933 शुरू की है। यह हेल्पलाइन देश को 2047 तक नशा मुक्त बनाने के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। मानस हेल्पलाइन नंबर 24 घंटे चालू रहेगा। लोग इस पर ड्रग्स तस्करी की गुप्त जानकारी साझा कर सकते हैं। सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि नशा न केवल व्यक्ति के शरीर व बुद्धि का नाश करता है।

### गांव चौचड़ा से गोगामेड़ी के लिए युवा हुए रवाना

**राजौंद।** गांव चौचड़ा से गोगामेड़ी राजस्थान के लिए पदयात्रा कर दर्शन करने के लिए 25 युवाओं का जत्था हुआ रवाना। 220 किलोमीटर का सफर 6 दिनों में तय करके गोगामेड़ी पर पूजा अर्चना करेंगे। जानकारी देते हुए गांव चोपड़ा निवासी विशाल ने बताया कि वह प्रतिवर्ष गांव चोपड़ा से गोगामेड़ी राजस्थान दर्शन करने व गांव व परिवार की सुख शांति के लिए पिछले 15 वर्षों से लगातार पैदल यात्रा करके गोगामेड़ी राजस्थान जाते हैं। उन्होंने बताया कि यह परंपरा उनके बुजुर्गों द्वारा शुरू की गई थी।

### सेवा समिति ने मेहंदीपुर के लिए रवाना की बस

**कैथल ।** श्री मेहंदीपुर बालाजी सेवा समिति कैथल द्वारा दो दिवसीय धार्मिक यात्रा रवाना श्री मेहंदीपुर बालाजी सेवा समिति कैथल द्वारा श्री मेहंदीपुर बाला जी धाम व खाटू श्याम धाम की यात्रा के लिए 62 वीं मासिक निशुल्क बस यात्रा को रवाना किया गया। इस बस यात्रा में 61 श्रद्धालु धार्मिक स्थलों की यात्रा के लिए रवाना हुए संस्था के मेंबर संजीव गर्ग ने नारियल फोड़कर व महावीर गर्ग सोंगल ने झंडी दिखाकर बस को रवाना किया।

# स्वतंत्रता सेनानी मनी राम गोयत की विरासत को सहेजा जा रहा



**कैथल।** गांव नरड जाने वाले सड़क पर लगा श्री मनीराम गोयत स्वतंत्रता सेनानी मार्ग का पट्ट। फोटो : हरिभूमि

- हरियाणा सरकार ने गांव की सड़क का नामकरण उनके नाम पर किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

गांव नरड़ के वीर सपूत और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. मनी राम गोयत की देशभक्ति और संघर्षमयी गाथा आज भी लोगों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनी हुई है। हरियाणा सरकार ने उनके बलिदान और योगदान को सम्मान देते हुए गांव नरड़ की मुख्य सड़क का नाम /"स्वतंत्रता सेनानी मनी राम गोयत मार्ग/" रखा है। इसके साथ ही गांव में उनकी स्मृति को चिरस्थायी बनाने के लिए /"श्री मनी राम गोयत ई-लाइब्रेरी/" और /"पीएम श्री सीनियर सेकेंडरी स्कूल/" भी उनके नाम पर संचालित किया जा रहा है।

स्व. मनी राम गोयत का जन्म 6 जून 1921 को गांव नरड़ जिला कैथल में हुआ था। मात्र 20 वर्ष की आयु में 10 जून 1941 को वे ब्रिटिश सेना में भर्ती हो गए। वहां उन्होंने 13 हांगकांग सिंगापुर रॉयल इन्फेंट्री (नंबर 50733) में कुल 2 वर्ष 305 दिन सेवा दी।

आजादी की इस लड़ाई में उन्हें ब्रिटिश हुकूमत ने गिरफ्तार कर लिया और सिंगापुर व रंगून की जेलों में कैद कर दिया। वहां अमानवीय यातनाएं दी गईं — कई दिनों तक भूखा-प्यासा रखा गया, जिससे अनेक सेनानी गंभीर रूप से बीमार हो गए। देश के आजाद होने के वर्षों बाद जब वे अपने गांव लौटे तो उनका हुलिया तक बदल चुका था। परिजनों ने भी उन्हें पहले पहचान नहीं पाया। 15 अगस्त 1972 को प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने स्वतंत्रता की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर उन्हें /"ताम्र पत्र/" और स्वतंत्रता सेनानी पेंशन से सम्मानित किया। यह उनके संघर्ष और बलिदान का सरकारी स्तर पर हुआ सच्चा सम्मान था। 29 दिसंबर 1978 को उनका स्वर्गवास हो गया, परंतु गांव व राज्य आज भी उनके योगदान को स्मरण करता है।

### गांव नरड़ में उनके नाम पर विकास कार्य




स्वतंत्रता सेनानी स्व. मनी राम गोयत की स्मृति में आज गांव नरड़ में कई महत्वपूर्ण संस्थाएं उनके नाम पर चल रही हैं
/"स्वतंत्रता सेनानी मनी राम गोयत मार्ग/" – गांव की मुख्य सड़क का नाम। /"श्री मनी राम गोयत ई-लाइब्रेरी/" – युवाओं के लिए तकनीकी ज्ञान और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का आधुनिक केंद्र। /"पीएम श्री सीनियर सेकेंडरी स्कूल/" – शिक्षा का मंदिर जो गांव के विद्यार्थियों को भविष्य के लिए तैयार कर रहा है हरियाणा सरकार द्वारा गांव नरड़ की सड़क का नामकरण स्वतंत्रता सेनानी स्व. मनी राम गोयत के नाम पर किए जाने पर उनके सुपुत्र रमेश गोयत एवं ग्राम पंचायत नरड़ ने राज्य के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, लोक निर्माण मंत्री रणबीर सिंह गंगवा, मुख्यमंत्री के ओएसडी भारत भूषण भारती व प्रवीन अत्रे, लोकसभा सांसद नवीन जिंदल, विधायक विकास सहारण (कलायत), कैथल के उपायुक्त, लोक निर्माण विभाग और अन्य सभी अधिकारियों का हार्दिक आभार व्यक्त किया है।

### नेताजी सुभाष चंद्र बोस से प्रेरित होकर आजाद हिंद फौज में हुए शामिल

ब्रिटिश सेना में रहते हुए जब वे सिंगापुर पहुंचे, तब वहां नेताजी सुभाष चंद्र बोस के क्रांतिकारी भाषणों और आजादी की अलख से वे अत्यंत प्रभावित हुए। उन्होंने 2 जुलाई 1943 को नेताजी के आह्वान पर सिंगापुर में आजाद हिंद फौज की गांधी ब्रिगेड, 14वीं कंपनी, नसून कैंप में शामिल होकर स्वतंत्रता संग्राम की राह चुन ली।

### आजादी के बाद का योगदान

देश की आजादी के बाद स्व. मनी राम गोयत ने पहले जॉइंट पंजाब पुलिस में सेवा दी और 1966 में हरियाणा राज्य के गठन के बाद हरियाणा पुलिस में शामिल हो गए। वे 1972 में पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त हुए।

## गांव पीड़ल, चीका, हरिगढ़ किंगन व भागलवासियों को दी विकास कार्य की सौगात

# विकसित भारत के सपने को मिलकर करेंगे साकार : सांसद नवीन जिंदल

**सभी स्थानों पर ग्रामीणों ने स्मृति चिन्ह व फूल मालाएं भेंट कर सांसद जिंदल का स्वागत किया**



**कैथल।** सांसद नवीन जिंदल लोगों की शिकायत सुनते व सांसद नवीन जिंदल ग्रामीणों को संबोधित करते। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

सांसद नवीन जिंदल ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी देश व प्रदेश में सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास-सबका प्रयास की नीति पर चलकर एक समान विकास कार्य करवा रहे हैं। भारत देश अब नई ऊंचाईयों को छू रहा है। भारत की अर्थव्यवस्था चौथे स्थान पर है और आने वाले समय में तीसरे स्थान पर पहुंच जाएगी। विकसित भारत का जो सपना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लिया है, उसे हम सब मिलकर पूरा करेंगे। इसकी शुरुआत हम अपने कैथल और कुरुक्षेत्र से करेंगे। पूरे लोकसभा क्षेत्र में विकास के मामले में कोई कमी नहीं रहने देंगे।

सांसद नवीन जिंदल रविवार को गांव पीड़ल, चीका स्थित भवानी मंदिर, हरिगढ़ किंगन व गांव भागल में आयोजित कार्यक्रमों के दौरान लोगों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान सभी स्थानों पर ग्रामीणों ने स्मृति चिन्ह व फूल मालाएं भेंट कर सांसद नवीन जिंदल का स्वागत किया गया। इस मौके पर उन्होंने इन गांवों में लाखों रुपये के विकास कार्य करवाने की घोषणा की।

सांसद नवीन जिंदल ने स्वतंत्रता दिवस की अग्रिम बधाई देते हुए कहा कि आप लोगों के सहयोग से देश मजबूत बन रहा है। पिछले दिनों पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा महिलाओं के सिंदूर को उजाड़ा था। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से आतंकवादियों को करारा जवाब दिया। उन्होंने कहा कि साफ-सफाई को लेकर हम सभी को एक साथ मिलकर कार्य करना होगा। हमें अपनी आदतों में बदलाव करना होगा और अपने घर, गांव, शहर को साफ-सुथरा बनाकर रखेंगे, ताकि हमारा गांव व देश चमक उठे। हमें लोगों को जागरूकता के साथ-साथ स्वयं सफाई की जिम्मेदारी लेनी है। इसमें कोई भी लापरवाही नहीं बरतेंगे। उन्होंने कहा कि युवा हमारे देश का उज्ज्वल भविष्य है। हमें इन युवाओं को नशे से दूर रखना है तथा खेल को अपनाना है। यदि हम खेल में भाग लेंगे तो हमारा स्वास्थ्य तो सही होगा, वहीं हम अपने क्षेत्र का नाम पूरे देश में रोशन कर सकते हैं। यहां के लोगों की काफी समस्याएं आई है, जिनमें नशा प्रमुख रहा है। इसलिए हमें नशे जैसी बुराई के खिलाफ एक जन आंदोलन चलाना होगा और इस नशे जैसी बुराई को इस क्षेत्र से मिटाना होगा। यदि कोई नशे से संबंधित कोई सामान बेच रहा है तो इसकी सूचना हम तक पहुंचाएं, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने सभी को पर्यावरण को स्वच्छ बनाने के लिए अधिक से अधिक पौधे रोपित करने का आह्वान भी किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा का हमारे जीवन में बहुत महत्व है, इसलिए बेटियों को भी शिक्षित करें और उन्हें आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करें।

### खेल का सामान देने का ऐलान

सांसद नवीन जिंदल ने गांव पीड़ल में भगवान परशुराम राम ब्राह्मण चौपाल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उन्होंने ब्राह्मण चौपाल के निर्माण कार्य पर 4 लाख रुपये, गलियों की फिजिबलिटी चैक करके उनका निर्माण कार्य करवाने, श्मशान घाट का रास्ते का निर्माण, जिम का सामान व पहलवानों के लिए खेल का सामान देने की घोषणा की। कब्रिस्तान की चार दिवारी के लिए 3 लाख रुपये की ग्रांट देने की घोषणा भी की। इससे पहले भी साढ़े 7 लाख रुपये वाल्मीकि चौपाल के लिए भिजवाए गए हैं।

### ये रहे मौजूद

सांसद नवीन जिंदल चीका स्थित भवानी मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने सबसे पहले मां भवानी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद उन्होंने मंदिर के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होंने अपने संबोधन में जिम का सामान के लिए 5 लाख रुपये, शैड के निर्माण के लिए 11 लाख रुपये की ग्रांट तथा सीट लगवाने के लिए 7 लाख रुपये देने की घोषणा भी की। इसके अलावा विभिन्न वार्डों में विकास कार्य के लिए 44 लाख रुपये देने की घोषणा भी की। इस मौके पर पूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर, पूर्व जिलाध्यक्ष राजपाल तंवर, डॉ. ओमता राम, रोहन मित्तल, शैली मुंजाल, राजेश शर्मा (पिंटू), राजीव शर्मा, सलिंद्र, सुरेंद्र वाल्मीकि, जगतार सिंह माजरी, आदि मौजूद रहे।


**कैथल।** कलायत में नगर पालिका संघ के नए पदाधिकारियों के साथ कर्मचारी नेता

# संजीव कुमार बने नपा कर्मचारी संघ के प्रधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा की राज्य कमेटी के आह्वान पर कलायत ब्लाक की विस्तारित मिटिंग ब्लॉक प्रधान रिषीपाल की अध्यक्षता में पुराने नगर पालिका भवन परिसर में हुई। बैठक का संचालन नवीन कुमार ने किया। इसमें ब्लॉक चुनाव बारे विस्तार से चर्चा हुई। इस पर रिषीपाल ने अपनी पुरानी कार्यकारिणी को भंग कर ब्लाक कमेटी का चुनाव सर्व सहमति से संपन्न करवाया। इसमें संजीव कुमार को प्रधान व सोमदत्त को सचिव की कमान मिली। वरिष्ठ उपप्रधान सुनील कुमार, उपप्रधान रिषीपाल, कोषाध्यक्ष संजय कुमार, सह सचिव कृष्ण कुमार, प्रैस सचिव नवीन कुमार, ओटिटर वीरेंद्र कुमार, मुख्य संगठन सचिव संजय (बाढा), सलाहकार संदीप कुमार, महिला विंग प्रधान रानी व रूबी चुनी गई। संघ के राज्य मुख्य संगठन कर्ता शिवचरण ने सभी पद अधिकारियो को पद की गोपनीय की शपथ दिलाई। चुनाव में मुख्य वक्ता नगर पालिका कर्मचारी संघ के राज्य उप प्रधान राजेंद्र सिंणद, मुख्य संगठन कर्ता व एसकेएस जिला प्रधान शिवचरण, संध के जिला सचिव विक्कीटांक कर्मचारियों से रूबरू हुए। उन्होंने कहा कि कि नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा ने सफाई, सीवर, फायर व दफ्तर के कर्मचारियो की लंबित मांगो को लेकर मेरी आवाज सुनो के तहत राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित करके मुख्य मंत्री और सभी मंत्रियों के आवासो पर जाकर ज्ञापन दिया था। लेकिन उनकी मांगें पूरी नहीं हो रही। केंद्र व राज्य सरकार को कर्मियों के हितों को देखते हुए मांगों को पूरा करना चाहिए। उनकी प्रमुख मांगों में श्रम कानूनों में किए गये बदलाव वापिस लो, न्युनतम वेतन 26000 रुपए लागू करो, सभी कच्चे कर्मचारियो को पक्का करना, राज्य मे लाखों की संख्या मे खाली पड़े पदो पर स्थाई भर्ती करके युवाओ को रोजगार, पुरानी पेंशन बहाली, 2006 से पहले वाली एक्सग्रेसिया पॉलिसी बहल करने, आठवां वेतन आयोग लागू करो, सावतें वेतन आयोग की विसंगति दूर करो, राज्य में अलग से वेतन अयोग का गठन और कच्चे कर्मचारियो को इसका लाभ दो, वेतन आयोग लागू होने तक सभी कर्मचारियो को प्रति महा पांच हजार रुपए आंतरिम राहत, निजीकरण नितियों पर रोक लगा कर विभागों का विस्तार, सभी के लिए सस्ती दर पर शिक्षा, स्वास्थ, सफाई, बिजली, पानी व परिवहन का प्रबंध करना है।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर एसकेएस ब्लॉक प्रधान रमेश कौलेखा, मैकेनिकल वर्कर यूनियन के जिला प्रधान, एसकेएस ब्लॉक के उप प्रधान दलबीर सिंह, जोनी, अजय, संतोष, मुकेश, रमन व कुलदीप उपस्थित हुए।

# मडंवाल रोड को जाने वाली गली में भरे कीचड़ से राहगीर परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद



**राजौंद ।** पैक्स को जाने वाली गली में भरा कीचड़।

नगर पालिका कार्यालय के साथ-साथ पैक्स वार्ड नंबर 3 व 4 मडंवाल रोड को जाने वाली गली में भरे कीचड़ से लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। आलम यह है कि इस गली से कोई पैदल भी नहीं गुजर सकता। वार्ड निवासी विशाल, विनोद, कुशल, श्याम, सुंदर ने बताया कि पिछले दिनों सीवरेज की पाइपलाइन दबाने के बाद इसकी स्थिति और भी बद से बदतर हो गई है। लोगों ने बताया कि पूरे नगर की गलियों को संबंधित विभाग द्वारा सीवरेज की पाइपलाइन दबाने के लिए उखाड़ कर रख दिया है। किसी भी गली को ठीक नहीं किया जा रहा, जिससे गलियों से पैदल गुजरना भी मुश्किल होकर रह गया है। बताया कि इस गली से सुबह स्कूल जाने वाले विद्यार्थियों को बहुत परेशानी झेलनी पड़ती है।

# मां का दूध बच्चों के लिए अमृत के समान होता है : अनीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

खेड़ी राय वाली आंगनवाड़ी केंद्र में सर्कल सुपरवाइजर सावित्री देवी के निर्देशानुसार स्तनपान सप्ताह मनाया गया। आंगन वाड़ी केंद्र में जागरूकता बैठक के साथ रैली निकालकर मां के दूध का महत्व बताया गया। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सावित्री देवी ने स्तनपान के बारे महिलाओं को जानकारी दी। इस दौरान आशा कार्यकर्ता अनीता ने बताया कि मां का दूध बच्चों के लिए अमृत के समान होता है। बच्चों को स्तनपान करवाना आवश्यक है। इससे कुपोषण को दूर भगाया जा सकता है।इसके बाद आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका कैलाश वंती ने स्तनपान के लिए महिलाओं को जागरूक करने के लिए रैली निकाली। रैली द्वारा गांव का भ्रमण करते हुए माताओं को स्तनपान का महत्व बताया गया। इसके अलावा बच्चे को जन्म के तुरंत बाद छह महीने तक मां का दूध ही पिलाने की सलाह दी। जिससे बच्चा स्वस्थ रहे और सभी प्रकार की बीमारी से बच सके। मां का दूध ही शिशु को पूरा पोषण देता है। इस दौरान नेहरू युवा केंद्र कैथल से स्वयंसेविका गुरुप्रीत कौर ने स्तनपान से जुड़ी भ्रांतियों पर प्रकाश डाला।

# किसान तेरह को निकालेंगे ट्रैक्टर यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी


**कैथल।** सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए किसान।

पूंडरी किसान भवन में भारतीय किसान यूनियन संयुक्त किसान मोर्चा की मासिक बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता कार्यकारिणी अध्यक्ष बलवान पाई की ने की, जबकि प्रदेश महासचिव भूरा राम पबनावा व राष्ट्रीय अध्यक्ष अजीत सिंह हाबड़ी मुख्य रूप से भाग लिया। बैठक में किसानों की विभिन्न समस्याओं पर तीखी चर्चा हुई और सरकार को स्पष्ट संदेश दिया गया कि किसानों के हितों से कोई समझौता नहीं होगा। यूनियन नेताओं ने कहा कि धान की फसल में वाइरस के कारण पौधे छोटे रह गए हैं, ऐसे में हर प्रभावित किसान को तुरंत मुआवजा दिया जाए। साथ ही यूरिया और डीएपी खाद फसल की जरूरत के अनुसार समय पर उपलब्ध कराई जाए।

## साहित्य सभा की मासिक काव्य गोष्ठी का आयोजन

# सावन बरसा थाल भर, गड़-गड़ थी आवाज....

- मिट्ठू राम मंडल के काव्य संग्रह बिन पर परिंदे "का हुआ लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल


**कैथल।** मिट्ठू राम मंडल के प्रथम काव्य-संग्रह /" बिन पर परिंदे /" को लोकार्पण करते अतिथि साहित्यकार एवं अन्य।

साहित्य सभा कैथल द्वारा अगस्त मास की काव्य-काव्य-गोष्ठी का आयोजन आरकेएसडी कालेज कैथल के अध्यापक-कक्ष में हुआ। जानकारी देते साहित्य सभा के प्रेस सचिव डा. तेजिंद्र ने बताया कि गोष्ठी की अध्यक्षता साहित्य सभा के उप प्रधान, कवि एवं इतिहासकार कमलेश शर्मा ने की।काव्य-गोष्ठी में कविराज रामकुमार भारतीय, अलेवा ने मुख्य अतिथि के रूप में और टोहाना से आये साहित्यकार विनोद सिल्ला ने विशिष्ट अतिथि के रूप में भाग लिया। गोष्ठी का संचालन हरियाणवी और हिंदी के कवि रिसाल जागड़ा ने किया। गोष्ठी के दौरान कवि मिट्ठू राम /" मंडल /" के प्रथम काव्य-संग्रह /" बिन पर परिंदे /" का लोकार्पण मुख्य अतिथि कविराज रामकुमार भारतीय,विशिष्ट अतिथि विनोद सिल्ला,गोष्ठी-अध्यक्ष कमलेश शर्मा और अन्य साहित्यकारों के कर-कमलों से हुआ। काव्य-गोष्ठी में सावन-भादों की बात करते सुरेश कल्याण ने कहाः सावन बरसा थाल भर,गड़-गड़ थी आवाज। बूढ़ी बरखा साथ में,भादों का आगाज़।दिल से दिल के तार जुड़ने की बात रविंद्र रवि के इस शेर में देखियेः इक दिल से जब दूजा दिल जुड़ जाता है, गूंगे की आवाज़ को बहरा सुनता है।रक्षा-बंधन के धागे की महता बताते चतरभुज बंसल सौथा ने कहाः रक्षा-बंधन का मतलब हो सै रक्षा की जुम्मेदारी। एक तागै के ऊपर देक्खो, टिकरे कितने नर-नारी। अपनी देश-भक्ति की भावना का परिचय उन्होंने इन शब्दों में दिया :- न आग लिखता हूँ न पानी लिखता हूँ।सिर्फ़ सरहदों पर जलती जवानी लिखता हूँ। कमलेश शर्मा ने नये उपस्थित रचनाकारों का उत्साह-वर्धन किया।

### न कोई डर न कोई फिकर...

संघर्ष को आवश्यक बताते हुए सावित्री धारीवाल ने कहा :- कौन जीत सका है बोलो,बिना लड़े तक़दीरों से।आज़ादी और शादी को लेकर डॉ तेजिंद्र ने कहा :-वे कैसे कह सकते हैं कि मिल गई आज़ादी।पंद्रह अगस्त के दिन,जिनकी हुई थी शादी।एक ग्रामीण पर शहरी प्रभाव का दुष्प्रभाव रामफल गौड़ की इन पंक्तियों में देखिये : रह्या था गाम का वो हीरो।आण शहर मैं होग्या जीरो।एक आदर्श घर का सपना पूजा रानी ने इन शब्दों में देखा :- देखा मैंने एक सपना।ऐसा एक घर हो अपना।जहाँ सभी रहें मिलकर। न कोई डर न कोई फिकर। देश की आज़ादी को लेकर रिसाल जांगड़ा का मुक्तक देखिये :- देश पर मर-मिटने वाले याद रहेंगे।उन वीरों के कारण हम आबाद रहेंगे।हर क़ीमत पर कायम रखनी है आज़ादी,देश यदि आज़ाद रहा तो हम आज़ाद रहेंगे।मिट्ठू राम /" मंडल /" ने अपने नव प्रकाशित काव्य-संग्रह /" बिन पर परिंदे /"- का परिचय दिया और एक कविता के माध्यम से प्रश्न उठाया:- कब तक खुद को कमजोर मानोगे। विशिष्ट अतिथि विनोद सिल्ला ने टोहाना में साधनारत साहित्यिक संस्था का परिचय दिया और दोहा-पाठ भी किया।एक दोहे के माध्यम से उन्होंने उपस्थित-जनों को यह संदेश दिया: मीत बनों तो यूं बनो,जैसे खुश्बू फूल।एक दूसरे में बसे,खोकर अपना मूल।मुख्य अतिथि कविराज रामकुमार भारतीय ने आज की गोष्ठी में प्रस्तुत रचनाओं की प्रशंसा कर रचनाकारों का उत्साह-वर्धन किया।

# राह ग्रुप फाउंडेशन 101 हस्तियों को ग्लोबल रोल मॉडल अवार्ड देगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

देश भर की प्रेरणादायक प्रतिभाओं को राष्ट्रीय पहचान देने की दिशा में राह ग्रुप फाउंडेशन ने प्रदेश के 101 हस्तियों को ग्लोबल रोल मॉडल अवार्ड प्रदान करेगा। इस बार इस बार के अवार्ड प्रोग्राम को एक्सप्लोर इंडिया अभियान' से जोड़ा गया है। जिसकी पहली पहली कड़ी 5 अक्टूबर से जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर में आयोजित होगी। इसके लिए 14 अगस्त तक आवेदन किए जा सकेंगे। राह ग्रुप फाउंडेशन के चेयरमैन नरेश सेलपाड़ ने बताया कि अब यह कार्यक्रम एक औपचारिक सम्मान समारोह नहीं रहेगा।

### आवेदन चौदह तक

3पात्रता, चयन और सम्मान श्रेणियां राह ग्रुप फाउंडेशन के चेयरमैन नरेश सेलपाड़ के अनुसार इस अवार्ड के लिए आवेदन 14 अगस्त 2025 तक आमंत्रित किए गए हैं। जिसके लिए चार श्रेणियां तय की गई हैं, जिसमें मुख्य रुप से लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड, शिक्षा एवं नवाचार सम्मान, I माजिक/स्वास्थ्य/पर्यावरण सेवा सम्मान व युवा प्रेरक सम्मान की श्रेणियों में ये सम्मान प्रदान किए जाएंगे। राह संस्था के इन अवार्ड के लिए शिक्षा, विज्ञान, समाजसेवा, ग्राम विकास, नवाचार, पत्रकारिता, स्वास्थ्य, कला, खेल, पर्यावरण और रोजगार को बढ़ावा देने जैसे क्षेत्रों में कार्यरत व्यक्ति या संगठन पात्र होंगे। इसके लिए दो वर्ष के लिए के कार्य को आधार माना जाएगा।

## जींद और कैथल में भाजपाइयों ने निकाली तिरंगा यात्रा, नरवाना में मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने किया नेतृत्व

# अगस्त शहीदों और शहादत का महीना, आजादी के दिवानों ने करीब 90 साल अंग्रेजों से लड़ी लड़ाई, फिर भारतवर्ष को मिली आजादी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

आजादी के राष्ट्रीय पर्व के उपलक्ष्य मे नरवाना में विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस यात्रा का नेतृत्व प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने किया और जिला भाजपा अध्यक्ष तेजेंद्र ढुल जिला उपाध्यक्ष प्रमोद शर्माए कृष्ण गोपाल शर्मा भी इस दौरान विशेष रूप से उनके साथ रहे। शहर के निजी स्कूल से यह तिरंगा यात्रा शुरू हुई और मुख्य बाजार से गुजरते हुए शहीद भगत सिंह चौंक पर इसका समापन हुआ। तिरंगा यात्रा में कैबिनेट मंत्री की अगुवाई में अपने हाथों में तिरंगा उठाए सैंकड़ों लोगों ने भाग लिया। तिरंगा यात्रा में शहर के अनेक गणमान्य व्यक्तिए समाजसेवी संस्थाओंए संगठनोंए युवा संगठनों के सदस्य तथा गैर सरकारी संस्थाओं के सैंकड़ों लोगों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। यात्रा में शामिल सभी लोग कैबिनेट मंत्री के साथ देश के शहीद अमर रहे.शहीद भगत सिंह अमर रहेए सभी देशभक्त अमर रहे.आजादी के पुरोधा अमर रहे.भारत माता की जय के नारे पूरे जोश के साथ लगाते हुए


तिरंगा यात्रा में शामिल मंत्री बेदी।

आगे बढ़ रहे थे। कैबिनेट मंत्री ने सभी गणमान्य लोगों के साथ सड़क पर स्थापित नेताजी सुभाष चंद्र बोसए शहीद.ए.आजम भगत सिंहए राजगुरु तथा सुखदेव सिंह जी के चित्रों पर माल्यार्पण किया और शहीदों को अपनी श्रद्धांजलि दी। तिरंगा यात्रा के समापन अवसर पर बोलते हुए कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने अगस्त के महीना को शहीदों एवं शहादत का महीना बताया। उन्होंने कहा कि इस महीने की 15 तारीख को सन् 1947 में हमारे देश को आजादी मिली और यह आजादी करीब 90 साल के देश के सूरमाओं द्वारा लड़ी लम्बी लड़ाई के बाद प्राप्त हुई। स्वतंत्रता संग्राम में देश की आजादी के लिए कोटि.कोटि जाने.अंजाने सूरमाओंए देश भक्तोंए राष्ट्र भक्तों और वीर जवानों ने अपनी जान न्योछावर की। इस अवसर पर पूर्व विधायक पिरथी नंबरदारए बलदेव वाल्मीकिए मंडल अध्यक्ष सत्यवान शर्माए जिला कार्यकारिणी सदस्य वीरेंद्र नैनए नगर परिषद चेयरपर्सन प्रतिनिधि विशाल मिर्धाए रिछपाल शर्माएभगवती प्रसाद बागड़ीए एडवोकेट राजेश शर्माए सुशील शास्त्रीए अमित धरौदीए कुलदीप काला सरपंच दबलैनए सुरेश पांचालए कैबिनेट मंत्री के निजी सहायक मनोज कुमारए मीडिया प्रभारी संजय बल्हारा एवं जसवीर नैन सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



### आज भाजपा निकालेगी उचाना हलके में तिरंगा यात्रा

उचाना। प्रदेशभर में भाजपा द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। उचाना हलके में 11 अगस्त को भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। हलके के चार मंडलों से होकर ये यात्रा गुजरेगी। नगूरां गांव से शुरू होकर उचाना शहर के भगत सिंह चौक पर यात्रा का समापन होगा। यात्रा में युवा बाइकों, गाड़ियों के साथ हाथों में तिरंगा लेकर हिस्सा लेंगे। डीजे के माध्यम से देशभक्ति गीतों से पूरा माहौल देशभक्तिमय बनाने की पूरी तैयारी की गई। देशभक्ति गीत तिरंगा यात्रा की शुरूआत से लेकर समापन होने तक गूंजेगे। यात्रा को लेकर बनाए गए चार प्वाइंट उचाना हलके में अलेवा, बड़ौदा, छात्तर, उचाना सहित चार मंडल है। अलेवा मंडल के नगूरां से यात्रा शुरू होगी। यात्रा का दूसरा प्वाइंट बड़ौदा मंडल का घोघड़िया, तीसरा प्वाइंट छात्तर मंडल का करसिंधु गांव होगा तो समापन उचाना मंडल के शहर में स्थित भगत सिंह चौक के समापन पर चौथ प्वाइंट होगा। छात्तर मंडल के अध्यक्ष श्रवण मांडी, अलेवा मंडल के अध्यक्ष दीपक नंबरदार, कसूहन मंडल के अध्यक्ष संजय चहल, उचाना मंडल के अध्यक्ष सतीश जांगड़ा अपनी-अपनी टीम के साथ यात्रा में अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर लगे हुए है। हर प्वाइंट पर यात्रा का फूलों की बारिश से स्वागत किया जाएगा। तिरंगा यात्रा को लेकर हर किसी में उत्साह भाजपा नेत्री सुषमा अत्री ने कहा कि तिरंगा यात्रा को लेकर हर किसी में उत्साह है। यात्रा में महिलाएं भी बढ़चढ़ कर हिस्सा लेगी। पूरे प्रदेश में तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। यात्रा को लेकर चार अलग.अलग प्वाइंट मंडलों के हिसाब से बनाए गए है। तिरंगा लेकर यात्रा में हर कोई पहुंचेगा। तिरंगा यात्रा में शामिल होकर शहीदों को श्रद्धांजलि देने का काम लोग करेंगे। देश की आजादी में शहीदों की भूमिका रही है।

## तिरंगा हर भारतवासी की आन, बान व शानः लीला राम

■ देशभक्ति के नारों और सांस्कृतिक झांकियों ने यात्रा को बनाया आकर्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

चंदाना गेट मंडल में आज स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया, जिसने पूरे शहर को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। इस आयोजन का उद्देश्य न केवल राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान को बढ़ावा देना था, बल्कि एकता, भाईचारे और राष्ट्रप्रेम का संदेश भी जन-जन तक पहुंचाना रहा। कार्यक्रम में भारी संख्या में कार्यकर्ताओं, आम नागरिकों, सामाजिक संस्थाओं और विभिन्न वर्गों के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक लीला राम व भाजपा जिला अध्यक्षा ज्योति सैनी ने कहा कि देश की आज़ादी के महत्व, तिरंगे के गौरव और हर नागरिक के कर्तव्य पर प्रकाश डाला। इस भव्य आयोजन की अध्यक्षता चंदाना गेट मंडल अध्यक्ष गोपाल सैनी ने की। तिरंगा एक झंडा नहीं, बल्कि यह हमारी पहचान, हमारी आज़ादी व हमारे बलिदान की गाथा है। यात्रा का शुभारंभ चंदाना गेट से हुआ। वातावरण में "भारत माता की जय", "वंदे मातरम्" और "जय हिंद" के नारों की गूंज ने शहरवासियों में नया उत्साह भरा।


तिरंगा यात्रा में भाग लेते पूर्व विधायक लीला राम और भाजपा जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी व अन्य

### बाइकों के साथ रैली में लिया भाग

इस दौरान कैथल शहर देशभक्ति के गीतों और नारों से गूंज उठा। मोटरसाइकिल रैलियां, तिरंगे से सजे वाहन और पैदल मार्च ने माहौल को भावुक और रोमांचक बना दिया। शहर के मुख्य बाजार और सड़कें तिरंगों की शोभा से सजी रहीं। पूर्व विधायक लीला राम ने अपने संबोधन में युवाओं को देश की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहने और तिरंगे की शान बनाए रखने का आह्वान किया। जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी ने कहा कि तिरंगा केवल स्वतंत्रता का नहीं, बल्कि संघर्ष, बलिदान और एकता का भी प्रतीक है। उन्होंने ऐसे आयोजनों को युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत बताया। मंडल अध्यक्ष गोपाल सैनी ने बताया कि हर वर्ष इस यात्रा को भव्य बनाने के लिए कार्यकर्ता दिन-रात मेहनत करते हैं और इस बार की सहभागिता उम्मीद से कहीं अधिक रही। इस दौरान सुरेश गर्ग नोच, जग्गा राम सैनी, रामप्रताप गुप्ता,वाइस चेयरमैन सीमा देवी, शशी सैनी,सुरेन्द्र पहलवान, किष्ण बंसल, सुरेश सैनी,आशा रानी, अशोक मित्तल, आदित्य भारद्वाज, सुरेश सिंधु,निधी मोहन, हरिकृष्ण सैनी, अक्षरा गुप्ता, सुमन शर्मा,प्रकाश गुज्जर मोजूद रहे।


करोड़ा में निकाली गई तिरंगा यात्रा में भाग लेते हुए विधायक सतपाल जांबा व अन्य।

# तिरंगे का सम्मान हमारा कर्तव्य राष्ट्र के प्रति समर्पण सच्ची देशभक्ति

■ गांव करोड़ा में विधायक सतपाल जांब ने किया नेतृत्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

गांव करोड़ा में हलका विधायक सतपाल जांबा के नेतृत्व में रविवार सुबह एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा शहीदों के सम्मान, राष्ट्रभक्ति और एकता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से निकाली गई। यात्रा का शुभारंभ सुबह 8:30 बजे सरकारी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय से किया गया, जो बाबा रामनाथ मंदिर से होते हुए शहीद स्मारक, बस स्टैंड करोड़ा तक बड़े उत्साह और जोश के साथ संपन्न हुई। यात्रा के दौरान युवाओं, महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों ने हाथों में तिरंगा थामकर भारत माता की जय और वंदे मातरम् के गगनभेदी नारे लगाए।कार्यक्रम की अध्यक्षता गांव के सरपंच दिनेश कुमार ने की। इस मौके पर विधायक सतपाल जांबा ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि यह तिरंगा यात्रा हमें उन अमर शहीदों की याद दिलाती है जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर हमें आजादी दिलाई। उन्होंने कहा कि तिरंगे का सम्मान हमारा कर्तव्य है और राष्ट्र के प्रति समर्पण ही सच्ची देशभक्ति है। जांबा ने युवाओं से आह्वान किया कि वे राष्ट्र की सेवा और समाज के विकास में सक्रिय भूमिका निभाएं। यात्रा में मंडल अध्यक्ष करोड़ा सरोज देवी, पूंडरी मंडल अध्यक्ष मनोज राणा, ब्लॉक समिति चेयरमैन राजेश बरसाना, अमित सैनी, प्रताप राणा, डॉक्टर बलविंदर सहित अनेक गणमान्य लोग इस अवसर पर मौजूद रहे।

## कौल में युवाओं ने निकाली तिरंगा यात्रा



ढांड। गांव कौल में ढांड मंडल के युवाओं ने मिलकर तिरंगा यात्रा निकाली। तिरंगा यात्रा बस स्टैंड से लेकर रावमावि में बलिदानी प्रेम सिंह की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर समापन किया। जिला परिषद के अध्यक्ष कर्मबीर कौल ने यात्रा को झंडी दिखाई। उन्होंने कहा कि 15 अगस्त के उत्सव को महा उत्सव बनाने के लिए प्रदेश के हर मंडल स्तर पर तिरंगा यात्रा निकली जा रही है जिसको लेकर आज ढांड मंडल के युवाओं ने इकट्ठा होकर गांव कौल में आजादी के उन वीर बलिदानियों को सच्ची श्रद्धांजलि देने पर बधाई दी। आज पूरा गांव कौल तिरंगामय हो गया।उन्होंने कहा कि गांव कौल के बलिदानी प्रेम सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। उन्होंने कहा कि जिन वीर शहीदों की बदौलत आज हम खुली हवा में आजादी के साथ सांस ले रहे हैं उनके बलिदान को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता। कर्मबीर कौल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच है कि 15 अगस्त तक देश के हर घर के ऊपर तिरंगा लहराना चाहिए यही उन सभी वीर बलिदानियों की शहादत के लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी। जिला उपाध्यक्ष ईशम सिंह साकरा ने कहा कि तिरंगा हमारी आन,बान और शान है जिसके सम्मान के लिए आज भारत का हर युवा, बुजुर्ग, महिलाएं मिलकर तिरंगा यात्राएं निकल रहे हैं।

# विदेशों में बैठे कुंवारे युवाओं को मिलेंगी बहुएं

■ अग्रवाल समाज ने रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए ऑनलाइन सुविधा की शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सात सितंबर को जींद में होने वाले परिचय सम्मेलन को लेकर अखिल भारतीय अग्रवाल समाज की बैठक रविवार को प्रधान राजकुमार गोयल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में परिचय सम्मेलन को कामयाब बनाने को लेकर विचार विमर्श हुआ। इसके साथ-साथ परिचय सम्मेलन में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन को लेकर भी मंथन हुआ। उन्होंने कहा कि इस परिचय सम्मेलन में जहां पंजीकरण फार्म की हार्डकापी भर कर रजिस्ट्रेशन करवाने की सुविधा है वही अब संस्था ने विवाह योग्य प्रत्याशियों को रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए आनलाइन सुविधा भी उपलब्ध करवाई है। इच्छुक अग्रवाल समाज की अधिकृत साइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यूडोटअग्रवालसमाजडोटकोडोटइन पर जाकर अपना पंजीकरण आसानी से कर सकते हैं। गोयल ने बताया कि समाज के युवाओं को डिजिटल माध्यम से जोडऩे का यह प्रयास है ताकि दूर दराज के इच्छुक विवाह योग्य युवक, युवतियां भी इस सम्मेलन से जुड़ सकें और उन्हें उत्तम जीवनसाथी चुनने का अवसर मिल सकें। गोयल ने कहा कि इस ऑनलाइन सुविधा शुरू होने से अब विदेशों में बैठे विवाह योग्य प्रत्याशियों को कोई दिक्कत नही आएगी। उनके लिए रजिस्ट्रेशन करवाना अब आसान हो गया है। गोयल ने सभी अभिभावकों से आग्रह किया है कि वे अपनी विवाह योग्य संतानों का समय रहते पंजीकरण करवाएं और इस ऐतिहासिक सम्मेलन का हिस्सा बनें। बैठक में रामधन जैन, सावर गर्ग, पवन बंसल, दीपक गर्ग, मनीष गर्ग, रजत सिंगला, गोपाल जिंदल, राजेश गोयल, बजरंग लाल सिंगला, जयभगवान सिंगला सतीश कुमार, सुनील गोयल, नरेश अग्रवाल, सुशील सिंगला इत्यादि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।


रजिस्ट्रेशन की सुविधा दिखाते प्रधान राजकुमार गोयल। फोटो : हरिभूमि

### अपने गुरु के जन्मदिन पर उनके घर पहुंचे एसडीएम

नरवाना। जगाधरी एसडीएम विश्वनाथ ने रविवार को अपने गुरू मास्टर राजा राम के घर पहुंचकर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। उन्होंने गुरु.शिष्य परंपरा की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु जीवन में ज्ञान का दीपक प्रज्वलित करने वाले और सही मार्गदर्शन देने वाले होते हैं। एसडीएम ने मास्टर राजा राम के शिक्षा क्षेत्र में दिए गए योगदान की सराहना की और कहा कि उन्होंने न केवल सैकड़ों विद्यार्थियों का भविष्य संवारा है बल्कि समाज को भी दिशा देने का कार्य किया है। जन्मदिन पर दोनों ने पुरानी यादें साझा की। इस मौके पर स्थानीय गणमान्य लोग और मोहल्लेवासी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का माहौल सौहार्द और सम्मान से भरा रहा

सत्यपाल मलिक मामला

# पूर्व राज्यपाल को राजकीय सम्मान न देना उनके और जाटों के साथ अन्याय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

पूर्व मंडी प्रधान एवं प्रमुख समाज सेवी वीरेंद्र प्रधान ने कहा कि पांच बार राज्यपाल रहे, राज्यसभा सांसद रहे सत्यपाल मलिक के निधन के बाद उनको सरकार द्वारा राजकीय सम्मान नही देना सरकार की मानसिकता किस तरह की इसको जाहिर करता है।

किसी भी जाति, धर्म का राज्यपाल हो उसको निधन पर राजकीय सम्मान मिलता रहा है। कोई भी सरकार देश में बनी हो उस सरकार में राजकीय सम्मान राज्यपाल के निधन पर दिया गया है। वीरेंद्र प्रधान ने कहा कि सत्यपाल मलिक राज्यपाल रहते हुए किसान आंदोलन के पक्ष में खुल कर बोले तो समय-समय पर हर बात को प्रमुखता से उठाते थे।


■ मोदी सरकार ने उनकी देखरेख में हटाई थी धारा 370

पूर्व मंडी प्रधान एवं प्रमुख समाज सेवी वीरेंद्र प्रधान। फोटो : हरिभूमि

सरकार को उनको स्पष्टवादी होना अखरता था। वो जाट समाज से थे इसलिए सरकार सरकार द्वारा राजकीय सम्मान नहीं दिया गया। राजकीय सम्मान उनको नहीं दिए जाने से जाट समाज में रोष है। जात, पात की बातों को मन में रखने वाली सरकार को भविष्य में बनाने में जाट समाज को सोचना पड़ेगा। जाट समाज को आज एकजुट होना पड़ेगा। जाट समाज अगर आपस में यूं ही बंटता रहा तो आने वाले समय में कोई जाट समाज को तव्वजों नहीं मिलेगी। जब जम्मू कश्मीर में धारा 370 तोडऩी थी तो वहां राज्यपाल बनकर सत्यपाल मलिक गए थे। वो निडर नेता थे जो जम्मू-कश्मीर में राज्यपाल बन कर पहुंचे। उन्होंने कहा कि मोदी सरकान ने देश की वर्षों पुरानी धारा 370 को तोडऩे का काम उनके राज्यपाल रहते हुए किया गया।

आरकेएसडी कॉलेज में शिक्षक और विद्यार्थी संवाद कार्यक्रम का किया आयोजन

## विधायक आदित्य सुरजेवाला भी कार्यक्रम में हुए शामिल, दोनों का किया स्वागत

# शिक्षण संसथाएं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के प्रयोग को अपनी शिक्षा में दें प्राथमिकताः रणदीप सुरजेवाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

आर.के.एस.डी. महाविद्यालय, कैथल में प्रतिष्ठित एआई संस्थान 'वधवानी एआईः एआई फार सोशल इम्पैक्ट, बैंगलूरू कर्नाटक के एग्जीक्यूटिव वाईस प्रैजिडेंट स्किलिंग सुनील दहिया एवं डायरेक्टर इंस्टिट्यूटन रमन हांडा ने प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों के साथ पारस्परिक संवाद का कार्यक्रम आयोजित किया गया। उनके साथ वरिष्ठ राजनेता एवं राज्यसभा सदस्य एवं पूर्व मंत्री रणदीप सुरजेवाला मुख्यातिथि के रूप में एवं विधायक कैथल आदित्य सुरजेवाला गेस्ट आफ आनर के रूप में मौजूद रहे। 'उच्च शिक्षा में आर्टिफिशल इंटेलिजेंशः शिक्षण-अधिगम की समस्याऐं' शीर्षक के तहत इससे सम्बंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई एवं इन आधारों पर भविष्य में संस्थान के द्वारा महाविद्यालय को सहयोग का आश्वासन संस्थान के प्रशासन मुखियाओं ने दिया। रणदीप सुरजेवाला ने कैथल जिला के शिक्षा संस्थानों में आर्टिफिशल इंटेलिजेंश के शिक्षण अधिगम में प्रयोग बढाने पर जोर दिया। मुख्य वक्ता के रूप में सुनील दहिया ने महाविद्यालय में इसकी ट्रैनिग सत्र लगाने एवं इसके प्रसार के लिए टुल एवं एजेंट उपलब्ध करवाने की बात कही। विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों ने शिक्षा में एआई के प्रयोग, चुनौतियां, अवसर एवं सुझावों को पटल पर रखा, जिनका मुख्य वक्ताओं ने निराकरण विशेषज्ञ कथन के साथ किया।

इससे पहले महाविद्यालय प्रांगण में पहुंचने पर प्रधान आरवीएस एवं प्रबंधन समिति अश्वनी शोरेवाले, महासचिव आरवीएस एवं प्रबंधन समिती पंकज बंसल, कोषाध्यक्ष सुनील चौधरी, डायरेक्टर फार्मेसी नवनीत गोयल, प्रधान बीएड कालेज जगदीश गुप्ता एवं सम्मानित कोलिजीयम मैम्बर प्रवीण जैन,


सांसद रणदीप सुरजेवाला का स्वागत करते आरकेएसडी कालेज के पदाधिकारी

### जल्द शुरू होंगे साइंस के नए कोर्स

प्राचार्य डॉ राजबीर पारासर, प्राचार्य प्रभारी सांध्यकालिन सत्र डॉ हरिन्द्र गुप्ता ने फुलों के गुलदस्तों से अतिथियों का स्वागत किया एवं महाविद्यालय की उपलब्धियों से अवगत करवाया। प्रधान अश्वनी शोरेवाला ने स्वागत भाषण में अतिथियों के सहयोग का धन्यवाद किया एवं आर्टिफिशल इंटेलिजेंश एवं डेटा साईंस के नये कोर्स जल्दी शुरू करने की आशा जताई। प्राचार्य डॉ राजबीर पारासर ने इन विषयों के अध्ययन को समय की आवश्यकता बताया एवं विश्वास दिलाया कि इस क्षेत्र में भी महाविद्यालय अग्रणी भूमिका निभाएगा।

# हरियाणा स्टेट हेल्थ एजेंसी बोल रही कोरा झूठ : डा. अनिल जैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

स्टेट हेल्थ एजेंसी द्वारा जारी बयान पर आयुष्मान भारत योजना के तहत पैनलपद निजी अस्पतालों, डॉक्टरों में गंभीर आपत्ति जताई है। आइएमए के जिला प्रधान डा. अनिल जैन ने कहा कि एसएचए ने बयान में तथ्यों को तोड़मरोड़ कर पेश किया है। जिससे न केवल जनमानस को गुमराह किया गया बल्कि चिकित्सा संस्थानों को भी गंभीर क्षति पहुंचाई है। जैन ने कहा कि एसएचए के इस तरह के सार्वजनिक वक्तव्य केवल उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाती है बल्कि ये मानहानि की श्रेणी में आता है। यदि एसएचए द्वारा बयान को औपचारिक रूप से वापस नहीं लिया गया, स्वतंत्र जांच एजेंसी से निष्पक्ष जांच नहीं करवाई गई तो वे विधिक विकल्प अपनाने को बाध्य होंगे। जैन के अनुसार एसएचए द्वारा जारी वक्तव्य में वास्तिवक स्थिति के विपरित भ्रामक और असत्य बातें कही गई है। जिससे चिकित्सा समुदाय की छवि धूमिल हुई है। डा. अनिल जैन ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार, एसएचए द्वारा लंबे समय से देय भुगतान समय पर नहीं किया गया। इस कारण से सेवाएं बाधित हो रही है और अस्पतालों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है साथ ही अनुबंध संबंधित एवं प्रशासनिक समस्याओं के समाधान में भी गंभीर चूक की बात कही गई है। एसएचए द्वारा यह दावा किया गया है कि सभी मुद्दे सुलझा लिए गए हैं।


■ आयुष्मान विवाद में बोले प्रधान

डॉ. अनिल जैन।